तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 9 अक्टूबर 2025


कोन्हेर गार्डन का फौव्वारा बना आकर्षण का केन्द्र।



पीडब्ल्यूडी के नेशनल हाईवे संभाग द्वारा किया जाएगा निर्माण

## केंदा घाट से कारीआम तक पहाड़ काटकर 218 करोड़ में बनेगी फोरलेन सड़क


हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केंदा घाट से कारीआम के बीच खतरनाक मोड़ पार कर अपनी जान और माल को जोखिम में डालकर आवागमन करने वालों को अब राहत मिल सकेगी। पीडब्ल्यूडी के नेशनल हाईवे संभाग द्वारा इस मार्ग पर साढ़े पांच किलोमीटर लंबी फोरलेन सड़क बनाई जाएगी। 218 करोड़ की लागत से बनाई जाने वाली यह सड़क पहाड़ काटकर बनाई जाएगी। सड़क निर्माण की कुल

### मुआवजा प्रकरण भी शामिल

लागत में कुछ मुआवजा के प्रकरण भी शामिल हैं।

अमरकंटक जाने वालों के लिए यह अच्छी खबर हो सकती है। केंदा घाट पर अब लोगों को खतरनाक व घुमावदार पहाड़ियों के बीच आवागमन करने से जल्द ही निजात मिल सकेगी। शासन द्वारा इस मार्ग पर केंदा घाट से कारीआम के बीच साढ़े पांच किलोमीटर सड़क को मंजूरी दी गई है। अच्छी बात यह है कि रतनपुर से केंवची तक स्वीकृत दो सड़कें टू-लेन हैं, लेकिन पहाड़ पर बनाई जाने वाली इस सड़क के लिए सरकार ने फोरलेन सड़क की मंजूरी दी है। पहाड़ की ऊंचाई 23 मीटर या अधिक होने की स्थिति में टनल बनाया जा सकता था, लेकिन यहां पहाड़ 11 से 23 मीटर ऊंचाई वाले हैं, जिससे इनकी कटिंग करके मार्ग बनाया जाएगा। इस सड़क के बन जाने के बाद लोगों के लिए इस मार्ग पर आने वाले 20 वर्षों तक आवागमन सुलभ हो जाएगा।



### अभी 11 खतरनाक मोड़ घटकर तीन हो जाएंगे

केंदा घाट से कारीआम के बीच साढ़े पांच किलोमीटर की दूरी में 11 खतरनाक मोड आते हैं। इनमें तीन मोड़ बेहद खतरनाक हैं, जहां लोड गाड़ियों को असंतुलित होकर आए दिन दुर्घटनाग्रस्त होते देखा जा सकता है। निर्माण के दौरान पहाड़ को काटकर बीच से रास्ता बनाया जाएगा, जिससे सड़क न केवल सीधी हो जाएगी, बल्कि 11 के स्थान पर केवल तीन मोड़ ही शेष रह जाएंगे, जिससे लोगों का आवागमन सुरक्षित व आसान होगा।

### वाया डक्ट बनेंगे, ऊपर वाहन, नीचे जानवर आवागमन कर सकेंगे

केंदा घाट से कारीआम के बीच का यह एरिया वनक्षेत्र है, जो बिलासपुर एवं मरवाही दोनों ही वनमंडलों में शामिल है। इस मार्ग पर न केवल पालतू, बल्कि जंगली जानवरों की आवाजाही भी होती है। ऐसे में वाहनों की आवाजाही से जानवरों को भी स्वच्छंद विचरण में बाधा पहुंचती है। इस बात का ध्यान रखते हुए विभाग द्वारा चार स्थानों पर वाया डक्ट बनाए जाएंगे। नीचे मजबूत खंभों का बेस देकर ऊपर सड़क का निर्माण किया जाएगा, ताकि ऊपर की ओर सड़क पर वाहनों की आवाजाही होती रहे, वहीं नीचे पालतू व जंगली जानवर आसानी से सड़क पार कर सकें।

### रतनपुर से कबीर चबूतरा के बीच स्वीकृति का यह तीसरा पैकेज

रतनपुर से कबीर चबूतरा तक शासन द्वारा तीन पैकेजों में निर्माण की स्वीकृति जारी की है। केंदा घाट से कारीआम के बीच मिली फोरलेन सड़क की यह मंजूरी इस मार्ग का तीसरा पैकेज है। सबसे पहले रतनपुर महामाया मंदिर से पांच किलोमीटर आगे से जावस नदी केंदाघाट के बीच सड़क निर्माण को स्वीकृति दी गई थी, जिसका निर्माण जारी है। इसके बाद केंवची से कारीआम के बीच सड़क निर्माण को मंजूरी मिली है। इसका निर्माण भी प्रारंभ है। अब इस तीसरे पैकेज को मंजूरी दी गई है।

### चार महीने में पूरी होगी प्रक्रिया

आरएमकेके रोड में केंदा घाट से कारीआम के बीच एनएच द्वारा महत्वाकांक्षी योजनांतर्गत 218 करोड़ की लागत से साढ़े पांच किलोमीटर फोरलेन सड़क बनाई जाएगी। इस मार्ग में कुल 11 खतरनाक मोड़ हैं, जिसमें तीन तो बेहद खतरनाक हैं। यहां अक्सर लोड गाडियों को असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त होते देखा जा सकता है। कुल लागत में कुछ मुआवजा प्रकरण भी शामिल हैं। चार महीने के भीतर सारी प्रक्रियाएं पूर्ण कर टेंडर लगने की संभावना है।

**- आरके खांबरा,** ईई, नेशनल हाईवे संभाग पीडब्ल्यूडी

### खबर संक्षेप

#### किशोर कुमार की पुण्यतिथि पर गायन स्पर्धा 12 को

**बिलासपुर।** किशोर कुमार की पुण्यतिथि और कुमार शानू के जन्मदिन पर गायन प्रतियोगिता का आयोजन 12 अक्टूबर रविवार को किया जाएगा। एवरग्रीन म्यूजिकल एवेंट ग्रुप फाउंडेशन के आर्गनाइजर आर राजेश ने बताया कि 13 अक्टूबर को महान गायक किशोर कुमार की पुण्यतिथि होने के साथ ही 12 अक्टूबर को बॉलीवुड के सिंगर कुमार शानू का जन्मदिन भी है। किशोर कुमार को श्रद्धांजलि देने के साथ कुमार शानू को जन्मदिन की बधाई स्वरूप गायन प्रतियोगिता का आयोजन रविवार 12 अक्टूबर को शाम 4 बजे से रात 11 बजे तक मंडी बाजार चौक तिफरा स्थित कमलाश्री रिसॉर्ट मैरिज हॉल में रखा गया है।

## अम्बिकापुर जेल जाने के डर से फरार कैदी ने खाया जहर, सिम्स में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अम्बिकापुर जेल जाने के डर से फरार कैदी ने जहर खा लिया है, परिजन ने उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। ज्ञात हो कि एक दिन पहले कैदी ने कलेक्टर के समक्ष आत्मसमपर्ण किया था, किन्तु बिलासपुर जेल से उसे लौटा दिया गया था।

अम्बिकापुर जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी मुकेश कांत को तबियत खराब होने पर वहां के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान वह अस्पताल से भागकर घर आ गया। उसकी पत्नी अमरिका बाई ने आरोप लगाया है



कि अम्बिकापुर जेल में जेलकर्मियों के द्वारा पैसे के लिए उनके पति को प्रताड़ित किया जा रहा था। मारपीट कर अमानवीय व्यवहार किया जा रहा था। मंगलवार को उन्होंने पति को कलेक्टर संजय अग्रवाल के समक्ष आत्मसमपर्ण कराकर अम्बिकापुर जेल में उनके पति को दी जा रही प्रताड़ना की जानकारी दी। अमरिका बाई ने बताया, कलेक्टर के निर्देश पर उनके पति को बिलासपुर जेल भेजा गया था। 6 घण्टे रखने के बाद जेल से उनके पति को सिविल लाइन थाने में छोड़ दिया गया। सूचना मिलने पर परिजन सिविल लाइन थाना पहुंचकर मुकेश बंसल को घर ले गए। बुधवार की सुबह वह नहाने के बाद पूजा करने मंदिर चला गया था। सुबह अम्बिकापुर पुलिस उसे जेल ले जाने उनके घर आई। घरवालों ने उन्हें फोन कर इसकी जानकारी दी, अम्बिकापुर जेल जाने के डर से मुकेश बंसल ने जहर खा लिया। सूचना मिलने पर परिजन के द्वारा उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। जहां डाक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है।

## केजव्हील लगे ट्रैक्टर पर अब परिवहन विभाग कसेगा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कृषि कार्य के दौरान ट्रैक्टरों में उपयोग किए जाने वाले केजव्हील को लगाकर सड़क पर चलाना अब किसानों को भारी पड़ेगा। आरटीओ को ऐसे वाहनों पर कार्रवाई करने का आदेश मिल चुका है। खेती कार्य के लिए खेतों में गीली मिट्टी को मिलाने के लिए ट्रैक्टरों में चक्के के साथ केजव्हील लगाई जाती है। खेत में काम पूरा होने के बाद केजव्हील लगे हुए ट्रैक्टर को किसान सड़क पर चलाते हैं। खासकर ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे ट्रैक्टर नजर आते हैं, जबकि ऐसा करना मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन है। केजव्हील के कारण जहां एक ओर सड़क खराब होती हैं तो दूसरी ओर चक्कों के बाहर लगे होने के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

- हाईकोर्ट के आदेश के बाद जागा परिवहन विभाग

ट्रैक्टर वाहन को मुख्य रूप से किसानों द्वारा अपने खेतों में उपयोग के लिए बनाए जाते हैं। इन ट्रैक्टरों को नुकीले दोहरे पिंजरों वाले पहियों को हटाए बिना, अनाधिकृत और अंधाधुंध तरीके से कच्ची, डामरीकरण सड़क, सीमेंट की सड़कों, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकार क्षेत्र वाली सड़कों पर चलाया जा रहा है। सड़क या सीमेंट की सड़कों पर ऐसे ट्रैक्टर चलाते समय दोहरे पिंजरों वाले पहियों को हटाया जाना चाहिए। यह आदेश हाईकोर्ट द्वारा जारी किया गया है। जिसके बाद परिवहन विभाग सक्रिय हो चुका है। दरअसल किसान दोहरे पिंजरों वाले पहियों को हटाए बिना ही इन वाहनों को डामरीकरण सड़क, सीमेंट सड़क की सड़कों पर चलाते है, जिससे सड़कें खराब हो रही हैं। ट्रैक्टरों पर परिवहन विभाग शिकंजा कसने की बात कह रहा है। अधिकारियों का कहना है कि मुख्यालय से निर्देश के अनुसार ऐसे ट्रैक्टर जिनके टायरों में लोहे का रिंग लगा हो, जिसका प्रयोग खेत में होना चाहिए, परन्तु सड़कों में ऐसी वाहनों का संचालन किया जाना मोटर वाहन अधिनियम, नियमों के विरूद्ध है, जिससे दुर्घटना घटित होने की संभावना भी बढ़ जाती है। इन परिस्थितियों को मद्देनजर रखते हुए ऐसी वाहनों को सामान्य सड़कों में न चलाने के लिए जिला प्रशासन के सहयोग से जनजागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मोटरयान नियमों से अवगत कराया जाएगा। ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही भी की जाएगी।

### आरटीओ की टीम करेगी कार्रवाई

हाईकोर्ट के आदेश पर उड़नदस्ता प्रभारी और जिला परिवहन अधिकारी की टीम ट्रैक्टरों पर कार्रवाई कर सकेगा। इसके लिए टीम भी बनाई जा रही है। टीम पहले जनजागरूता के लिए अभियान चलाएगा, साथ ही सड़कों पर दिखने वाले वाहनों पर तत्काल कार्रवाई कर सकेगा।

### दिया गया निर्देश

परिवहन विभाग के उड़न दस्ता टीम को कार्रवाई के लिए निर्देश जारी किया है। कृषि कार्य के लिए उपयोग करने वाले केजव्हील को लगाकर सड़क पर न चलाएं, इससे सड़क को नुकसान पहुंचता है।

**-असीम माथूर,** आरटीओ, परिवहन विभाग

### केन्द्रीय जेल में रक्तदान शिविर



**बिलासपुर।** केन्द्रीय जेल में छत्तीसगढ़ में 3 से 10 अक्टूबर तक छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की रजत जयंती के अवसर पर प्रतिदिन जेल सुधारात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में केन्द्रीय जेल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सिम्स अस्पताल से ब्लड सेंटर स्टाफ से डॉ.मनोज क्षत्रिय, डॉ.असीम आनंद मसीह, विवेक कुमार शर्मा, किशोर सिदार, सुमन गिरी, कौशल्या पात्रे, आँचल शास्त्री, अजय कुमार, आनंद अग्निहोत्री, सुरेश वर्मा एवं रेडक्रास सोसायटी से सौरभ सक्सेना, सुशील राजपूत, अन्नू पटेल, लेमा देवांगन, आरती गुप्ता उपस्थित हुए। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक खोमेश मंडावी, कोकिला वर्मा, प्रभारी उप जेल अधीक्षक, रामपाल सिंह कंवर, परिवीक्षा एवं कल्याण अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।




जीवेत शरदः शतम्
डॉ. देवेन्द्र कौशिक
(जिला मंत्री भाजपा)
को जन्मदिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
रविन्द्र पाटनवार
विधायक प्रतिनिधि (बिल्हा)
राम कुमार कौशिक
जनपद अध्यक्ष बिल्हा
डॉ. देवेन्द्र कौशिक
भृगु अवस्थी
रितेश अग्रवाल
संतोष कश्यप
मोनू यादव
नीरज यादव
लक्ष्मण यादव
संजय ध्रुव
दीनू यादव
विपीन वर्मा
काली कौशिक
लव दीक्षित
इंद्राशन क्षत्रीय
लव कौशिक
करन कसेर
असद मोहम्मद
विजय श्रीवास
चंद्रेश धृतलहरे
इंद्रजीत क्षत्रीय
सागर बंजारे
नरेश शुक्ला
देव साहू
संदीप वर्मा
सौजन्य - समस्त मित्रगण

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, गुरुवार 9 अक्टूबर 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



उत्सव

## गुरु रामदास महाराज का प्रकाश पर्व सत्कार के साथ, विशेष दिवान सजा



**बिलासपुर।** धन धन श्री गुरु रामदास महाराज का प्रकाश पर्व सत्कार के साथ गुरुद्वारा श्री गुरूसिंघ दयालबंद में बुधवार को मनाया गया। इसके साथ ही दयालबंद में बने नए लंगर हाल को



आधुनिक साज सज्जा के साथ हॉल में कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान विशेष दिवान भी सजाया गया,जहां अमृतसर से आएं अनिल सिंह के द्वारा द्वारा हुजुरी रागी जत्था दरबार सजाया गया, इस बेला में कीर्तन भी किया गया।

समाज

## मारवाड़ी सोनी समाज की नई टीम सामाजिक उत्थान पर करेगी कार्य






**बिलासपुर।** मैढ़ क्षत्रिय मारवाड़ी सोनी समाज की बैठक संपन्न हुई जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन व आगे की रूपरेखा पर चर्चा की गई। संरक्षक मंडल में दुर्गा प्रसाद सोनी, बृजमोहन सोनी, श्याम सुंदर सोनी, रिछपाल सोनी, श्री राम गोपाल सोनी, केशव प्रसाद सोनी, विश्वनाथ सोनी, रमेश सोनी, अशोक सोनी,जगदीश प्रसाद सोनी,कमल सोनी है, बैठक में यह तय किया गया कि नई कार्यकारिणी समाज के सामाजिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक उत्थान का मिलकर कार्य करेगी। सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने समाज की उन्नति और संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर योगदान देने का संकल्प लिया। अध्यक्ष सजन सोनी,कार्यकारिअध्यक्ष राजेश सोनी,उपाध्यक्ष मनोज सोनी, संतोष सोनी, संगठन मंत्री दीपक सोनी, सुभाष सोनी, महेश सोनी, विजय सोनी, प्रशांत सोनी, दीपक सोनी महासचिव प्रकाश सोनी, कार्यालय सचिव आलोक सोनी, सहसचिव योगेश सोनी, गणेश सोनी, संदीप कुलथिया जी, प्रकाश सोनी, विकास सोनी, कोषाध्यक्ष शुभम सोनी,सह-कोषाध्यक्षः रवि सोनी, पवन सोनी को जिम्मेदारी दी गई है। इसमें प्रमुख सलाहकार, रामावतार,पवन कड़ेल, राजकुमार सोनी,रघुनाथ सोनी,कमल सोनी, रवि प्रकाश सोनी कार्यकारिणी सदस्य रविन्द्र सोनी, सुनील सोनी, भवानी शंकर,नरेश सोनी, पंकज सोनी सहित अन्य सदस्य बने है।

आयोजन

## आनापान ध्यान परिचय, जीवन जीने की कला है विपश्यना

**बिलासपुर।** प्रेसक्लब और विपश्यना केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में पत्रकारों और मीडिया जगत से जुड़े प्रबुद्ध वर्ग को मानसिक शांति, एकाग्रता और आत्मसंतुलन की दिशा में प्रेरित करने के उद्देश्य से बिलासपुर प्रेस क्लब ट्रस्ट भवन में बुधवार "आनापान ध्यान अभ्यास एवं विपश्यना ध्यान



परिचय" विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में पत्रकार सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन छत्तीसगढ़ के चार विपश्यना ध्यान केंद्रों के केंद्र आचार्य सीताराम साहू द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित पत्रकारों को विपश्यना ध्यान के प्रथम सोपान आनापान ध्यान का व्यवहारिक अभ्यास करवाया और इसके माध्यम से मन को एकाग्र करने की प्रक्रिया समझाई। साहू ने बताया कि विपश्यना ध्यान कोई धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि "जीवन जीने की कला" है, जो व्यक्ति को अपने भीतर झाँकने और मानसिक शुद्धि प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर करती है। उन्होंने कहा कि विपश्यना ध्यान का अभ्यास व्यक्ति को अपने मानसिक, भावनात्मक एवं शारीरिक विकारों से मुक्त करने में सहायक है। यह विधा मनुष्य को क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या जैसी नकारात्मक प्रवृत्तियों से दूर कर समता और करुणा के मार्ग पर चलना सिखाती है। विपश्यना के माध्यम से व्यक्ति आत्म-संयम और आत्म-जागरूकता के साथ जीवन की कठिन परिस्थितियों का सामना सहजता से कर सकता हैवयस्कों के लिए दस दिवसीय शिविर, बच्चों के लिए बाल आनापान ध्यान शिविर तथा किशोर-किशोरियों के लिए किशोर विपश्यना शिविर नियमित रूप से आयोजित होते हैं। भारत सरकार के कई उपक्रम, विभिन्न राज्य सरकारें और निजी संस्थान भी अपने कर्मचारियों को इन शिविरों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, जिससे कार्यस्थल पर उत्पादकता और मानसिक संतुलन बढ़ता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पत्रकारों ने भी ध्यान अभ्यास में सक्रिय भागीदारी निभाई और अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन में तनाव, समय का दबाव और निरंतर मानसिक सक्रियता के बीच इस तरह का ध्यान अभ्यास बेहद आवश्यक और लाभकारी है।

मौसम में बदलाव होते ही छोटे बच्चों को वायरल फीवर व सर्दी-जुकाम की समस्या बढ़ रही है, ऐसे समय में बच्चों को डॉक्टर की सलाह पर ही दवाइयां देनी चाहिए। चाइल्ड स्पशेलिस्ट डॉ अशोक अग्रवाल ने कहा कि शून्य से 5 साल तक के बच्चों में सर्दी-जुकाम का होना सामान्य या यूं कहें नैचरल प्रक्रिया है। छोटे बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता वैसे ही कम होती है, ऐसे में मौमस में बदलाव का प्रभाव एकदम से बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ता है। कई बार अभिभावक पुरानी लिखी हुई पर्ची की दवा खिलाकर बच्चों को ठीक करना चाहते हैं,मगर यह भी बच्चों के लिए हानिकारक होता है।

# मौसम में बदलाव होते ही बच्चों में बढ़ रहा वायरल फीवर, दवाइयों का प्रयोग डॉक्टर की सलाह पर करें

ओवरडोज बिल्कुल ना लें, डॉक्टर के बताए अनुसार ही खुराक लें



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

साथ ही अपने मन से बाजार की दवा दुकानों से दवाइयां खरीद कर इस्तेमाल करने से बचें। इसके साथ अभिभावक डोज पर भी गंभीरता से ध्यान रखें,डॉक्टर जिन सिरफ या दवाई को जितने बार देने बोलते हैं, उसे उतनी ही मात्रा में दें,अधिक खांसी आने या अपने मन से उससे अतिरिक्त बिल्कुल ना दें। बच्चों में होने वाले सामान्य वायरल, सर्दी जुकाम को अधिक दवाइयों का डोज देकर दबाना नहीं चाहिए। बच्चों को जरूरी टीका लगावा कर इन मौसमी वायरल स्वास्थ्य समस्याओं से काफी हद तक बचा सकते हैं। मौसम के बदलाव के मुताबिक परहेज व पंखा, कूलर, एसी का इस्तेमाल को भी संतुलित कर बच्चों को वायरल सर्दी जुकाम खांसी व बुखार से बचा सकते हैं। पैरेंट्स इन जरूरी बातों का ध्यान रख बच्चों के स्वास्थ्य को बिना किसी नुकसान के सुरक्षित उपचार सुनिश्चित कर सकते हैं।


### फेस्टिव सीजन में डस्ट से भी बढ़ रहा वायरल

डॉक्टर अशोक अग्रवाल ने बताया कि माह भर फेस्टिव सीजन है, इससे घरों में साफ-सफाई ,बाहर निकलेंगे तो धूल-धक्कड़ से भी शरीर पर प्रभाव पड़ता है। जिससे सर्दी-जुकाम होना लाजमी है, यह भी कारक है,जिससे वायरल का खतरा बढ़ता है। इसका भी ध्यान अभिभावक रखें।बच्चों को ऐसी जगहों में ना रहने दें ताकि किसी भी तरह का संक्रमण शरीर में प्रवेश ना करें। मौसम के अनुरूप बच्चों की देखभाल करें, बीमारी समझ में आए तो जानकार डॉक्टर्स व संबंधित अस्पताल से संपर्क करें। इन सभी बातों पर ध्यान देकर बच्चों दवाइयों के होने वाले दुष्प्रभाव से बचाया जा सकता है।



### दिन को गर्मी और रात को हल्की ठंड

चिकित्सकों ने बताया कि मौसम के मिजाज में लगातार बदलाव हो रहा है। कभी तेज धूप से गर्मी तो कभी बारिश की वजह से वातावरण में नमी बनी रहती है। मौसम में हो रहे यही परिवर्तन के चलते लोग खासकर छोटे बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। मौसम परिवर्तन के कारण बच्चे सर्दी, खांसी व बुखार की चपेट में आ रहे हैं। ओपीडी में बीमार पड़ने वाले बच्चों की संख्या अच्छी-खासी बढ़ रही है,बच्चे बीमार होकर इलाज के लिए अस्पताल में आ रहे हैं। इन बच्चों में अधिकतर वायरल बीमारी यानि सर्दी, खांसी व बुखार से संबंधित रहते हैं। दरअसल बारिश, तेज धूप, उमस वाले इस मौसम में शरीर पर किसी भी वाह्य रोग का असर जल्दी होता है।



### दो से अधिक प्रकार की दवाइयों को एक साथ न दें

शहर के शिशु रोग विशेषज्ञ का कहना है कि बच्चों को सर्दी जुकाम होने पर दो से अधिक प्रकार की दवाइयां एक साथ न दें। दवाइयों का ओवरडोज नुकसानदायक होता है। खासी-सर्दी-जुकाम, बुखार या निमोनिया जैसी स्थिति होने पर अस्पताल जाकर डॉक्टर्स से उपचार व परामर्श लें। बिना किसी जानकारी के अपने से दवाई दुकानों से गलत दवा बच्चों को देने की गलती कभी न करें। डॉक्टर के सुझाए अनुसार दवाइयां ही निर्धारित समय व डोज के अनुरूप बच्चों को सेवन कराएं।



## सनातन संस्कृति को कायम रखने का प्रयास सराहनीयः शशि

लायंस क्लब बिलासपुर मिडटाउन ने शशि अमर अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में शरद पूर्णिमा उत्सव संग सुहागन पूजा आयोजित की। इसमें महिलाओं ने लाल कलर की साड़ी में उत्साह से भाग लेकर पूजा की। मुख्य अतिथि ने कहा कि सनातन संस्कृति को कायम रखने मिडटाउन क्लब का यह प्रयास सराहनीय है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्यक्रम के आरंभ में मुख्य अतिथि श्रीमती अग्रवाल ने सत्यनारायण की पूजा कर दीप प्रज्ज्वलित किया एवं पुष्प अर्पित की। सुहागन पूजा की कलश को स्थापित कर पूजन किया। क्लब संरक्षक सुधा साव ने उन्हें चुनरी एवं सुहाग सामग्री भेंट की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष आरती साहू ने उन्हें क्लब की गतिविधियों से अवगत कराया एवं पिन लगाकर उनका सम्मान किया। सचिव नीना गरेवाल, कोषाध्यक्ष रचना ताम्रकार ने तिलक, आरती, पूर्व अध्यक्ष संध्या पांडेय, सावित्री मिश्रा, कुसुम गोयल, उषा तिवारी, शंपा दत्ता, शशि आहूजा, हेमलता अग्रवाल ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया एवं स्मृति चिन्ह दिया। सुचित्रा साव, उषा गुप्ता, सुमन, शुभ्रा, सपना गुप्ता ने सुहागन पूजा संपन्न कराई। जोन चेयरपर्सन सुषमा तिवारी ने शरद पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डाला। अंत में सुलोचना सिंह बघेल, आरती अम्बष्ट, प्रीति प्रसाद, नंदिनी, प्राची, प्रेमलता तिवारी की अक्टूबर माह का जन्मदिन उत्सव मनाया गया।





### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर कस्तूरी सेठी, जीत उपवेजा, अंजिता उपाध्याय, सीमा देवांगन, सतिंदर कौर चतरथ, उषा सलूजा, सुमन राजपाल, आशा पांडेय, नागमणि राव, कवल कौर, शीतल गांधी, रश्मि छाबड़ा, गरिमा तिवारी, मनि जायसवाल, ममता वर्मा, अमरजीत छाबड़ा, अनुराधा सिंह सहित क्लब की अन्य सभी सदस्य उपस्थित रहीं।



## सीएमडी कालेज में प्रशिक्षार्थियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीएमडी स्नातकोत्तर महाविद्यालय लिंक रोड में शिक्षण सत्र 2025-26 के अंतर्गत नव प्रवेशित बी.एड. एवं डी.एल.एड. प्रशिक्षार्थियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ संजय दुबे, विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय सिंह, तथा बी.एड. विभाग की प्राचार्या डॉ अंजली चतुर्वेदी उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि डॉ संजय दुबे ने कहा कि शिक्षक समाज का सबसे महत्वपूर्ण अंग होता है, जो आने वाली पीढ़ियों को दिशा देता है। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों से कहा कि वे शिक्षा को केवल नौकरी प्राप्ति का माध्यम न मानें, बल्कि इसे चरित्र निर्माण और सामाजिक परिवर्तन का साधन समझें। विशिष्ट अतिथि डॉ संजय सिंह ने कहा कि शिक्षक बनने के लिए केवल विषय ज्ञान ही पर्याप्त नहीं होता, बल्कि उसमें संवेदनशीलता, अनुशासन और मानवीय दृष्टिकोण भी होना आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि "आप जिस समाज में कार्य करेंगे, वहाँ आपकी भूमिका सिर्फ पढ़ाने की नहीं, बल्कि प्रेरणा देने की भी होगी।"

शिक्षा की प्राचार्या डॉ. अंजली चतुर्वेदी ने कहा कि शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवनभर चलने वाली प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि "प्रशिक्षार्थियों को अपने शिक्षक प्रशिक्षण के दौरान अनुशासन, समयबद्धता और आत्मचिंतन पर विशेष ध्यान देना चाहिए। सभी अतिथियों के स्वागत एवं उद्बोधन के पश्चात नव प्रवेशित बी एड एवं डी एल एड के प्रशिक्षार्थियों को दो वर्षीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान होने वाली समुचित गतिविधियों एवं वार्षिक कैलेंडर की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सभी सहायक प्राध्यापक नीलू कश्यप अंकित शर्मा गुलाब पाठक भारती विश्वकर्मा तृप्ति पटेल अनीता दुबे प्रशांत गुप्ता, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्नर न्यूज

## काव्य संध्या में कवियों ने पढ़ी अपनी रचनाएं

छंदशाला की मासिक काव्य गोष्ठी ओमप्रकाश मनीषा भट्ट के निवास स्थान वैष्णवी विहार कॉलोनी उसलापुर में आयोजित किया गया। इसमें उपस्थित कवियों ने अपनी कविताएं पढी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार ध्रुव देवांगन थे। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार शैलेंद्र गुप्ता ने की।

### छंदशाला की मासिक काव्य गोष्ठी वैष्णवी विहार में संपन्न



**बिलासपुर।** शरद पूर्णिमा पर आयोजित इस काव्य गोष्ठी में अनमोल सिन्हा ने अपने चिर परिचित अंदाज़ में एक नज़्म 'मेरे ज़हन में एक बात यूं ही कौंध रही है...,कामना पांडेय ने परिपूर्ण हुआ सज के नभ में.., गजानन पात्रे 'सत्यबोध' ने छन्न पकैया छन्न पकैया.., ललिता यादव ने अपनी रचना-कला से पूर्ण है चंदा.., शैलेंद्र गुप्ता ने सोलह श्रृंगार कर, उतरे हैं धरा पर..,जगतारण डहरे ने अंजोरी रात में चंदा झलक दिखलात है बढ़िया..,ओमप्रकाश भट्ट ने अपनी कविता मैं शिक्षक हूं मेरा सर्वप्रथम कर्तव्य है मतदाता सूची बनाना.., मनीषा भट्ट ने चांदनी की छटा में नहा लीजिए.., सुषमा पाठक ने खिले कलियां, उड़े तितली महकती फूल की क्यारी.., पूर्णिमा तिवारी ने जब दिल ने ली मिलन की अंगड़ाई..,अशोक कुमार शर्मा 'अद्वितीय' ने शरद ऋतु है आई शीत है धरा पर छाई.., रश्मि अग्रवाल ने आज शरद की पूनम आई, अमृत बरसाने वाली.. पढ़कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। आभार प्रदर्शन वरिष्ठ साहित्यकार मंतराम यादव ने किया।

## शरद पूर्णिमा पर कवियों ने बांधा समा



### कविता चौपाटी से

**बिलासपुर।** कविता चौपाटी से के 55 वे कड़ी में संतोष श्रीवास की दो कविताओं का अनावरण कार्यक्रम वरिष्ठ साहित्यकार तनवीर हसन के मुख्य आतिथ्य, कथाकार सतीश जायसवाल, रश्मिलता मिश्रा की विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में बाक्सिंग चैम्पियनशिप में कास्य पदक जीतने वाली कु. टी. वात्सला का मोमेन्टों देकर सम्मान किया गया। मुख्य आसंदी श्री हसन ने सम्मानित होने वाले संतोष श्रीवास एवं टी. वात्सला को अपनी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री जायसवाल ने कहा कि 5-6 वर्षों से लगातार कविता चौपाटी द्वारा किया जा रहा यह आयोजन प्रशंसनीय है। इसके बाद कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें देश के ख्याति प्राप्त राष्ट्रवादी कवि प्रो. ओमपाल सिंग निडर फिरोजाबाद उत्तरप्रदेश, ओजरस के प्रख्यात कवि देवेन्द्र परिहार मुंगेली ने देशभक्ति पूर्ण कविताएं पढ़ी। कवियित्री आरती मनेन्द्रगढ़ ने वियोग श्रृंगार पर कोकिला स्वर में दो गीतों का पठन किया। प्रांजल प्रताप सिंग आगरा, आशुतोष आनंद दुबे पेण्ड्रा, कृष्णा भारती सिमगा, रश्मिलता मिश्रा ने भी अपनी कविता पेश की। प्रथम सत्र का संचालन महेश श्रीवास, कवि सम्मेलन का संचालन राजेन्द्र मौर्य एवं आभार प्रदर्शन ज्येष्ठ नागरिक संघ के सदस्य राघवेन्द्र धर दीवान ने किया।

इस मौके पर प्रमोद, सुमित्रा, विश्वनाथ, मंतराम, डॉ. गिरधर शर्मा, डॉ. जी.डी. पटेल, सत्येन्द्र, डॉ. विनोद कुमार, लेखनी, रविन्द्र नाथ, मृणाल, जगतारन, रश्मि, डा. ललिता, नवीन, सुधाकर, वीके. पंकज, जावेद, मो. सलीम, द्वारिका, सामाजिक लाल, समय चतुर्वेदी, अशोक, सतीश, किशोर, दिनेश्वर, बलराम, प्रकाश, बालमुकुंद, डा. सुनिल दत्त सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### स्वर्णकार समाज ने मनाई अजमीढ़ देव की जयंती



**गौरेला।** अजमीढ़ देव महाराज की जयंती मंगलवार 7 अक्टूबर को सर्व स्वर्णकार समिति के नेतृत्व में बड़े ही उत्साह के साथ मनाई गई। सर्वप्रथम अजमीढ़ देव का पूजन किया गया, साथ ही अजमीढ़ देव पर रचित रमेश सोनी की आरती का गायन किया गया। इस अवसर पर सर्व स्वर्णकार समाज के महिला-पुरुष एवं बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में भारी संख्या में महिलाएं सपरिवार उपस्थिति रहीं। समाज के प्रबुद्ध जन महेंद्र सोनी एवं द्वारिका सोनी ने समाज की एकता एवं सर्वांगीण विकास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रदीप डब्लू सोनी, अमित रमेश सोनी, शंकर सोनी, अमित भागवत सोनी, राजकुमार सोनी, आयुष सोनी, विवेक सोनी, प्रिंस सोनी, पंकज सोनी, रजनीश सोनी का योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन महेश सोनी ने किया।

### स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 35 लोगों ने दिया ब्लड



**बेलतरा।** ग्राम पंचायत बेलतरा के तत्वाधान में सरपंच सुरेश कश्यप और पंचों के सहयोग से पंचायत भवन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि थाना प्रभारी रतनपुर संजय सिंह राजपूत, उप निरीक्षक दिनेश तिवारी सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। शिविर में 35 लोगों ने रक्तदान किया। प्रत्येक रक्तदाता को हंस वाहिनी शिक्षक व सेवा समिति और बिलासपुर ब्लड बैंक के माध्यम से हेलमेट भेंट किए गए। यह वितरण यातायात जागरूकता अभियान के तहत किया गया। कार्यक्रम में उप सरपंच दुर्गा सत्य साहू, रोहित कौशिक, कृष्ण यादव, परवेज आलम, राजेश जायसवाल मौजूद रहे।

### भटगांव हाई स्कूल की छात्राओं को दी गई सायकल



**मुंगेली।** शासकीय हाईस्कूल भटगांव में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण एवं निशुल्क सरस्वती सायकल वितरण योजना अंतर्गत सायकल वितरण किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत भटगांव के सरपंच चोवाराम ओगरे, उपसरपंच रामनाथ यादव, समस्त पंचगण एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के समस्त सदस्यों, सामाजिक अंकेक्षण हेतु टीम लीडर बीपी पाली प्राचार्य, संस्था के प्राचार्य उत्तरा कुमार अनंत, श्रीमती संध्या बंजारा व्याख्याता, कु. ईश्वरी माथुर व्याख्याता तथा पालकगण, समस्त छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### अंकेक्षण कर्मियों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**मुंगेली।** अंकेक्षण कर्मियों ने मुख्यमंत्री एवं सामाजिक अंकेक्षण संचालक के नाम से ज्ञापन दिया एवं कलेक्टर द्वारा जनदर्शन में सामाजिक अंकेक्षण जिला मुंगेली वीएसए/वीआरपी जो 2016-17 से अब तक प्रशिक्षण वीएसए/वीआरपी को काम से वंचित कर दिए है। उन्ही मांगो को लेकर जिला पंचायत सीईओ मुंगेली को विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में सामाजिक अंकेक्षण इकाई जिला मुंगेली द्वारा वीएसए/वीआरपी 2016-17 में कार्य कर रहे थे जिन्हें हटा दिया गया है उनको पुनः काम देने एवं अन्य मांगे किया गया है। समाजिक अंकेक्षण कार्य को हमें जिला पंचायत के अधीन रखा जाएं, विषयांतर्गत लेख है कि वर्ष 2016-17 सामाजिक अंकेक्षण का कार्य करते आ रहे है विकट स्थिति में भी हमने शासन के कार्य में सहयोग करते आ रहे है लेकिन वर्तमान स्थिति में वीएसए/वीआरपी जो 2017 से लगातार अब तक काम किये है उन्हें अभी काम में नहीं बुलाया जा रहा है जो कि सात आठ साल से अनुभव है।। ज्ञापन देने वालो में बजरंग बंजारा, सोमेश राजपूत, किशन साहू, कोमल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### वनक्षेत्र में अवैध रेत का उत्खनन परिवहन, दो ट्रैक्टर जब्त

**लोरमी।** वनविभाग ने ग्राम बघर्रा वनक्षेत्र के ग्राम घनाघाट में दबिश देकर अवैध रूप से रेत खनन कर ट्रेक्टर से परिवहन करते दो वाहनों को जब्त कर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार वन विभाग को सूचना मिली कि, कुछ ट्रेक्टर मालिक अवैध रूप से रेत उत्खन कर वनक्षेत्र को क्षति पहुंचाने का काम कर रहे हैं। इस पर क्षेत्र के रेंजर रुद्र कुमार राठौर दल के साथ मौके पर पहुंचे और अवैध रुप से रेत का परिवहन कर रहे ट्रेक्टर सीजी 28 एन 4883 व एक सोल्ड ट्रेक्चर को जब्त कर लिया।

## मुंगेली प्रवास पर पहुंचे भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष

# किसानों को लाभान्वित करने का काम कर रही राज्य सरकार: ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर जिले के प्रथम प्रवास में मुंगेली पहुंचे, उनका जगह-जगह स्वागत किया गया।

भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर ने अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय में किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों का उत्थान भाजपा के शासन काल मे ही संभव हो सका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के भलाई के लिए लगातार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनको लाभान्वित करने का कार्य कर रही हैं। 60-70 साल शासन करने वाली कांग्रेस ने किसानों का सिर्फ शोषण किया, उनकी समस्याओं पर कभी ध्यान नहीं दिया। भाजपा की सरकारें सदैव किसान हित में ही कार्य करती है। आलोक सिंह ठाकुर ने बताया कि किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने विभिन्न उचाइयों को प्राप्त किया है। किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रहे तोखन साहू अब केंद्रीय राज्यमंत्री व सांसद हैं। इसी तरह श्यामबिहारी जायसवाल प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री हैं, मुंगेली के श्रीकांत पाण्डेय सहित 11 जिलों में जिला पंचायत अध्यक्ष किसान मोर्चा के पदाधिकारी लोग बनें हैं और बखूबी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष

पूर्व विधायक तथा प्रदेश भाजपा के दो बार किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रहे भूपेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के समय हम किसानों को बहुत संघर्ष करना पड़ता था, कांग्रेस सरकार सुनती नहीं थी परन्तु जब से भाजपा की सरकारें बनी है तब से किसानों के लिए नीति व योजनाओं के माध्यम से किसानों को लाभ मिल रहा है। जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने किसान मोर्चा के कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि किसान भाई अन्न दाता कहे जाते हैं हम उनका सम्मान कर गौरवान्वित हैं। किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बृजलाल राठौर ने अपने ओजस्वी भाषणों से किसान भाइयों को प्रोत्साहित किया। वहीं स्वागत भाषण मुंगेली जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष रामधुन साहू ने किया। संचालन किसान मोर्चा जिला महामंत्री द्वय श्रीकांत पाण्डेय व वीरेंद्र गुप्ता ने वहीं आभार मोर्चा के जिला प्रभारी रिजवान हक ने किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडे, जनपद अध्यक्ष रामकमल सिंह, वरिष्ठ नेता शैलेश पाठक, बृजलाल राठौड़, राकेश तिवारी, सुरेश दुबे, पाठक, मानस प्रताप सिंह, रामधुन साहू, वीरेन्द्र गुप्ता, लोकनाथ सिंह, द्वारिका जायसवाल, सुनील पाठक, मिट्ठूलाल यादव (भागीरथी), सोम वैष्णव, मानस सिंह बैस, कोटूमल दादवानी, देवचरन भास्कर, उदय जायसवाल, पवन पांडे, रिजवान हक, शंकर सिंह, महेंद्र खत्री, शिवकुमार बंजारा, सुजीत वर्मा, तितरा राम राजपूत, रोहित साहू, नरेश पटेल, वेदप्रकाश कश्यप, जयप्रकाश मिश्रा, नन्दकुमार सिंह, राजीव श्रीवास, नागेस्वर जायसवाल, सुखचंद साहू, नितेश भारद्वाज, विजय यादव, होरी सोनकर, मन्नू श्रीवास्तव, महावीर सिंह, रामशरण यादव, रामकुमार साहू, शेषनारायण मोहले, पवन मिश्रा, लवन दाहिरे आदि उपस्थित रहे।

## बेहतर शिक्षा को लेकर स्कूलों में सामाजिक अंकेक्षण



**लोरमी।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत शास प्राथ शाला जमुनाही में बुधवार को सामाजिक अंकेक्षण किया गया। इसके अंतर्गत बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता की जांच कर उनकी समीक्षा की गई। नोडल शिक्षक तामेश्वर कश्यप, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष, सदस्य, पालक एवं जनप्रतिनिधियों ने बच्चों से सीधे संवाद कर उनकी पढ़ाई का आंकलन किया। शालाओं का सामाजिक अंकेक्षण करते हुए शाला में बच्चों के पढ़ाई के स्तर का अवलोकन किया गया। इस दौरान अधिकांश प्रश्न गणित व अंग्रेजी से संबंधित थे। साथ ही बच्चों को पाठ्यपुस्तक पढ़ने का अवसर दिया गया, जिसका बच्चों ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिया। संकुल केंद्र डोंगरिया के अंतर्गत हायर सेकेंड्री स्कूल, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला डोंगरिया, प्राथमिक शाला जमुनाही, गोंडपारा डोंगरिया, बघनी भांवर, कंचनपुर, बघर्रा, कोसाबाडी में सामाजिक अंकेक्षण संपन्न हुआ। इस अवसर पर शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष मयाराम निषाद, समेलाल पंच, राजेन्द्र साहू, इतवारी ध्रुव, प्रधान पाठक कृष्ण कुमार सोनी, शिक्षिका लक्ष्मी ध्रुव, शिरोमणि साहू साहू, जलेश्वरी निषाद, रामकुमारी साहू, त्रिभूवन साहू, पालक, जनप्रतिनिधि एवं शाला प्रबंध समिति सहित बडी संख्या में शाला के छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

### सामाजिक अंकेक्षण के तहत शिक्षा गुणवत्ता का आंकलन




**लोरमी।** विकासखंड के शास पूमा शाला हरनाचाका में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण किया गया। इस दौरान नोडल अधिकारी उमाशंकर राजपूत ने बच्चों से विविध क्षेत्र में प्रश्न पूंछकर उनके स्तर का मूल्यांकन किया, और बच्चों को प्रेरित करते हुए मार्गदर्शन दिया। साथ ही विद्यालय परिवार से सतत सहभागिता देते हुए राजेंद्र सिंह ठाकुर ने बच्चों को विशेष मार्गदर्शन व अनुभव को साझा करते हुए बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करना, शिक्षकों की बात को मानना व बड़ों का सम्मान करना और सही रास्ते पर चलने का दिशानिर्देश दिया। इस अवसर पर न्योता भोज का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानपाठक दिलहरण सिंह ध्रुव, प्रफुल्ल कुमार कश्यप, नवीन सिंह ठाकुर, दिनेश राजपूत सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

## आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त सुरेश जिलाबदर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कुन्दन कुमार ने आदेश जारी कर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त सुरेश (चिल्लू) सिंघम साहू ग्राम कोयलारी थाना लालपुर को 06 माह के लिए जिलाबदर किया है।

सुरेश साहू को मुंगेली एवं उनके सरहदी जिला कबीरधाम, बेमेतरा, बिलासपुर, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, बलौदाबाजार-भाटापारा एवं डिंडौरी (म.प्र.) जिलों की राजस्व सीमाओं से आदेश जारी होने के 24 घंटे के भीतर बाहर चले जाने तथा 06 माह की अवधि तक प्रवेश नहीं करने के लिए आदेशित किया गया है। इस आदेश का उल्लंघन करने पर उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

जारी आदेश के अनुसार सुरेश (चिल्लू) सिंघम साहू विगत 4-5 वर्षों से लगातार मारपीट, आपराधिक अभित्रास, गृह अत्याचार, लूट तथा अवैध रूप से शराब बिक्री एवं दादागिरी का अपराध घटित करते आ रहा है।

उसकी इस अपराधिक गतिविधियों से क्षेत्र के लोगों में भय का माहौल है। सुरेश साहू की कृत्य एवं अपराधिक गतिविधियों में कोई सुधार परिलक्षित नहीं होने तथा उनके आपराधिक गतिविधियों को प्रतिबंधित करने के लिए उपरोक्त जिलों की सीमाओं में इस आदेश के तामिल होने से 06 माह की अवधि तक किसी भी दशा में प्रवेश नहीं करने के आदेशित किया गया है।

## हड़ताल के कारण राशन दुकानें बंद, लोग परेशान



**पथरिया।** इन दिनों त्योहारी सीजन में राशन दुकानों के बंद रहने से गरीब और मध्यम वर्ग के नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राशन दुकान संचालकों के हड़ताल पर जाने के कारण, पिछले एक सप्ताह से राशन वितरण कार्य ठप है।दुकान संचालकों ने अपनी छह सूत्रीय मांगों को लेकर 10 अक्टूबर तक वितरण रोकने का निर्णय लिया है। बता दें कि, पथरिया नगर की तीनों दुकानों में माह के पहले सप्ताह तक राशन वितरण हो जाता था, लेकिन इस माह एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी राशन वितरण ना होने से गरीब तबके के परिवारों, बीपीएल कार्ड धारकों को राशन नहीं मिल पाया है। ग्रामीण क्षेत्र के हितग्राहियों का कहना है कि, त्योहारी मौसम में जरूरत के समय चावल, गेहूं और शक्कर जैसी जरूरी वस्तुओं की अनुपलब्धता से लोगों में नाराजगी भी बढ़ रही है।

वहीं, नगर के हितग्राहियों का कहना है कि, कई बार राशन दुकानों का चक्कर काटने के बाग भी चावल नहीं दिया जा रहा। संचालकों से सम्पर्क करने पर बताया गया कि, हड़ताल चल रही है। 10 अक्टूबर को फैसला आने के बाद वितरण कार्य किया जाएगा।

### व्यवस्था की जाएगी

इस माह का राशन वितरण किया जाएगा। अगर राशन दुकान संचालकों की हड़ताल खत्म नहीं होगी तो शासन के निर्देशानुसार व्यवस्था की जाएगी।

**- एचके डडसेना**
जिला खाद्य अधिकारी मुंगेली

### बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने किया जा रहा ऑडिट




**मुंगेली।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भटगांव में मुख्यमंत्री गुणवत्ता शिक्षा अभियान के अंतर्गत स्कूलों में बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने एवं स्कूली बच्चों की शिक्षा स्तर जानने हेतु स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सामाजिक अंकेक्षण का आयोजन किया गया। सामाजिक अंकेक्षण का कार्य टीम लीडर राजकुमार साहू एवं सरपंच चोवाराम ओगरे, गणमान्य नागरिक पंकज पाण्डेय, कलिराम साहू, जनक तिवारी, पंच केशो ओगरे, कलीराम साहू की उपस्थिति में किया गया। सभी ने कक्षा 6वी से 8वी में जाकर बच्चों से शासन द्वारा निर्धारित 20 बिन्दुओ के आधार पर उनका आंकलन किया। बच्चों के जवाब सुनकर सामाजिक अंकेक्षण के सदस्य संतुष्ट नजर आये। इस अवसर पर विद्यालय में न्योता भोज का भी आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधान पाठक महेंद्र ठाकुर, शिक्षक अमित सोनी, संतराम साहू, प्रमिला कश्यप एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक एवं स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया गया शरद पूर्णिमा महोत्सव

**बिल्हा।** शरद पूर्णिमा का हिंदू संस्कृति में विशेष महत्व है। पूर्णिमा तिथि भगवान विष्णु को समर्पित होती है। अश्वनी मास की पूर्णिमा के दिन ही माता लक्ष्मी का प्राक्ट्य हुआ था। इस दिन माता लक्ष्मी धरती पर भ्रमण करती हैं एवं चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से पूर्ण रोशनी से प्रकाशित होता है, जिससे अमृतमय चांदनी पृथ्वी पर बरसती है। शरद पूर्णिमा के दिन चंद्रमा की रोशनी में रखी हुई खीर खाने का विशेष महत्व होता है।



अग्रसेन चौक बिल्हा मे शरद पूर्णिमा महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। आयोजन में शरद पूर्णिमा महोत्सव के मुख्य संयोजक दीपक शर्मा का बहुत ही अहम योगदान रहा। इस अवसर पर मनोज अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, मनोज मंगल, विनोद गोयल, कैलाश अग्रवाल राजेश गोयल, ललित अग्रवाल, अभय अग्रवाल, अजय अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, महेश बिंदल , विष्णु बिंदल, मोहन डोरिया, संजय शर्मा, चीकू अग्रवाल, सतीश शर्मा, बबलू शर्मा, प्रहलाद अग्रवाल, पुरन अग्रवाल, रिक्की शर्मा, मोनू अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, सचिन शर्मा, मनोहर मखीजा, रमेश बजाज, द्वारिका गुप्ता, पवन बंसल, शिव अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, रवि केडिया, सुरेंद्र मित्तल, प्रकाश बिंदल, सुमित केड़िया आदि मौजूद रहे।

## वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के तहत स्कूल में विविध आयोजन

**लोरमी।** वन विभाग के तत्वावधान में वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह के तहत नगर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय के बच्चों ने नगर में रैली निकाली। साथ ही पेंटिंग, रंगोली, निबंध व भाषण प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिसा लिया। रैली के माध्यम से बच्चों ने 'वन्य प्राणी हमारी धरोहर', 'प्रकृति का संतुलन, वन्य प्राणी संरक्षण' जैसे नारों के माध्यम से जनजागरूकता का संदेश दिया। रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सुंदर रंगों से वन्य प्राणियों एवं प्रकृति का चित्रण किया। निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने वन्य प्राणी संरक्षण के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए।



कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों एवं वन विभाग के अधिकारियों ने बच्चों को वन्य प्राणी संरक्षण से संबंधित उपयोगी जानकारी दी तथा उन्हें अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित किया। अंत में विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्राचार्य एवं वन विभाग के अधिकारियों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि, ऐसी गतिविधियां बच्चों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करती हैं।

### सोशाल ऑडिट से स्कूलों के शिक्षा के स्तर की परख



**पथरिया।** विद्यालयों में शिक्षा के स्तर को परखने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग की ओर से क्षेत्र के लगभग 350 से अधिक प्राथमिक, मिडिल और हाईस्कूल में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता सामाजिक अंकेक्षण हुआ। टीम लीडर पत्रिका पटेल ने कक्षाओं में जाकर शासन की ओर से निर्धारित बीस बिंदुओ पर बौद्धिक स्तर को परखा एवं उपस्थित समुदाय के सामने उनका प्रदर्शन किया। इस दौरान नगर पंचायत सभापति इंद्रजीत यादव ने कहा कि, मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता सामाजिक अंकेक्षण शिक्षा के स्तर सुधारने में मील का पत्थर साबित होगा। शिक्षाविद बलराम जायसवाल ने इस अभियान को प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था के लिये संजीवनी बताते हुए कहा कि, इससे पहले की योजनाओं में सैद्धांतिक बातें ज्यादा थीं, इस बार व्यवहारिक ढंग से शिक्षा गुणवत्ता में सुधार करने का प्रयास हुआ है। जनभागीदारी अध्यक्ष कालिका बंजारे ने शाला में शैक्षिक और भौतिक विकास के लिये जरूरी संसाधनों की उपलब्धता पर संतोष जताया। प्रधान पाठक गुनाराम निर्मलकर ने सभी अतिथियों और नागरिकों का आभार जताते हुए विद्यालय में शिक्षा गुणवत्ता के लिए सामुदायिक सहभागिता का आह्वान किया।

## पाइप लाइन बिछाने के बाद भी नहीं आ रहा पानी

# जल जीवन मिशन के आधे-अधूरे कार्य बने मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भर्रीडांड़

पीएचई विभाग के कार्यों में लगातार भारी लापरवाही के मामले सामने आ रहे हैं। जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों में अनियमितता बरती जा रही है।

जीपीएम जिला आदिवासी बहुल जिला है, जहां लोगों के सीधेपन का फायदा उठाकर बिचौलियों के माध्यम से आनन-फानन में कार्य को शीघ्र ही पंचायत को हैंड ओवर कर देते हैं। बाद में ग्रामीणों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। मरवाही के ग्रामीण शुरेश कुमार साहू, पुष्प राज सिंह, गोपाल सिंह, सरवन सिंह से जानकारी प्राप्त हुई कि, चौरा टोला मरवाही में दो वर्ष बीत जाने के बाद भी पीने के लिए स्वछ पानी उपलब्ध नहीं हो सका। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने ओवर हेड टंकी का निर्माण कर पाइप लाइन का भी विस्तार कर दिया, लेकिन पानी की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं की जा सकी। मामले की शिकायत वनांचल के भोले-भाले आदिवासियों ने पीएचई विभाग में की, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। इस मोहल्ले में लगभग 20-25 घर आदिवासी समुदाय के लोग निवास करते हैं, जो निस्तार के लिए कुआं और तालाब पर निर्भर हैं। इधर भर्रीडांड़ ढोगी टोला में विगत दो साल पहले पाइप लाइन का विस्तार किया गया, घरों में स्टैंड बना दिया गया एवं नलो में टोटी भी लगा दी गई, लेकिन पानी आज तक नहीं मिला। इस मोहल्ले के शिवमंगल सिंह कंवर, लछिमन सिंह, वीरनारायण सिंह, अमान सिंह, गोलू सिंह ने बताया कि इस मोहल्ले में पाइप लाइन को ओवर हेड टंकी से जोड़ा ही नहीं गया है।





### मरवाही में कार्यालय नहीं

मरवाही विकासखंड के अंतर्गत जल जीवन मिशन का करोड़ों-अरबों का काम चल रहा है, लेकिन अभी तक यहां पीएचई विभाग का कार्यालय नहीं है। मांग और शिकायत के लिए ग्रामीणों को जिला कार्यालय गौरेला जाना पड़ता है। जिला स्तर के अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों का निरीक्षण नहीं करते हैं। मरवाही में पीएचई कार्यालय खोलने की मांग राधा मुरारीलाल रैदास जिपं सदस्य, सिम्मी दिलीप कुमार साहू जपं सदस्य, प्रकाश चन्द राय, प्रताप रजक, ऊपलाल केवट, साहेब लाल, आदि ने शासन-प्रशासन से मरवाही में पीएचई विभाग का कार्यालय खोलने की मांग की है।

### मेरी जानकारी में नहीं

मेरी जानकारी में नहीं है, जांच करवा के सभी जगह ठीक करवाते हैं। मुझे भी आप के माध्यम से ही पता चला है।

**- एसपी सोनवानी**, कार्यपालन अभियंता, पीएचई

### आत्मानंद स्कूल में किया गया सोशल ऑडिट



**तखतपुर।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत प्राथमिक पूर्व माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकंडरी स्कूलों की सोशल आडिट की जा रही है। इसी क्रम में अभियान के तीसरे दिन स्वामी आत्मानंद विद्यालय में नोडल जितेंद्र शुक्ला ने पालकों की उपस्थिति में सोशल ऑडिट किया। जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि, इस अभियान के तहत प्रत्येक स्कूल से 20 प्रश्नों की जानकारी एकत्रित की जा रही है एवं बच्चों की पढ़ाई शिक्षकों की उपस्थिति एवं सुविधाओं से संबंधित सवालों के माध्यम से स्कूलों का मूल्यांकन किया जा रहा है। विद्यालय की स्थिति को पालक के साथ-साथ जनप्रतिनिधि भी जानें, इसलिए इस टीम में अंकेक्षण के माध्यम से उनकी भागीदारी सुनिश्चित कर शिक्षा की गुणवत्ता पर ठोस प्रभाव लाने का प्रयास किया जा रहा है। टीम कक्षा में जाकर छात्रों से पढ़ाई की स्थिति के साथ-साथ उनको दिए जाने वाले गृहकार्य, प्रयोगशाला की स्थिति और छात्रों का प्रयोग, पुस्तकालय में अपने मन पसंद की किताबें पढ़ना और उसको आत्मसात करना, खेल सामग्री की उपलब्धता और उसका छात्रों के द्वारा उपयोग करना, इको क्लब का गठन और उसके कार्य की जानकारी के साथ-साथ गत तीन साल का परीक्षा परिणाम की भी जानकारी ली गई।

## खबर संक्षेप

### अरविंदो सम्मान से सम्मानित होंगे महेन्द्र, जम्मू में 12 को आयोजन



बिलासपुर। वंदे मातरम मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र जैन को श्रीअरविंदो सम्मान के लिए चुना गया है। नई दिल्ली की प्रतिष्ठित संस्था शाश्वत हिन्दू प्रतिष्ठान द्वारा प्रतिवर्ष देश की चुनिंदा प्रतिभाओं का चयन किया जाता है, जो समाज एवं राष्ट्र की सेवा में समर्पित हैं। वर्ष 2025 के लिए महेन्द्र जैन जो पिछले चार वर्षों से वंदे मातरम मित्र मंडल के माध्यम से अपने 5000 मित्रों के साथ मिलकर सामाजिक समरसता,लव जेहाद,धर्मांतरण जैसे विषयों पर जन जागरण के साथ विभिन्न जातियों, संप्रदाय में बटे हिन्दू समाज को संगठित करने का कार्य कर रहे हैं। श्री जैन ने जल संसाधन विभाग में 38 वर्ष अभियंता के पद पर कुशलता पूर्वक करने के बाद जनवरी 2018 में सेवानिवृत्त हुए। छात्र जीवन में मध्य प्रदेश पॉलीटेक्निक छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष के साथ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में विभिन्न दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वहन किया। महेन्द्र जैन के सभी सेवा कार्यों को देखते हुए शाश्वत हिन्दू प्रतिष्ठान ने देश की उन 13 विभूतियों में चयन कर 12 अक्टूबर को जम्मू के गुलशन ग्राउंड स्थित सभागृह में पूज्य जैन आचार्य लोकेश पावन सानिध्य में जम्मू कश्मीर के राज्यपाल महामहिम मनोज सिंहा द्वारा देश की 13 विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा।

### एटीआर में वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह का समापन



बिलासपुर। 2 अक्टूबर से चलने वाली वन्यप्राणी सप्ताह का समापन बुधवार को किया गया। इस दौरान बच्चों को कैमरा ट्रैप सहित अन्य उपयोग के संबंध में जानकारी दी गई। 2 से 8 अक्टूबर तक अचानकमार टाइगर रिजर्व में विभिन्न गतिविधियां कर वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह मनाया गया। विभागीय अधिकारी और कर्मचारियों ने कैमरा ट्रैप, मानचित्र, एम स्ट्रिप्स के उपयोग के संबंध में जानकारी दी। एटीआर संरक्षण में समुदायों की भूमिका, बाघ क्यों महत्वपूर्ण हैं, वन्यजीवों के साथ रहने तथा कैमरा ट्रैप, अवैध शिकार निरोधक उपकरण और वन्यजीव फोटोग्राफी, जैव विविधता निगरानी पर प्रदर्शन किया गया। मानव वन्यजीव संघर्ष, जैव विविधता पर स्कूल के बच्चों ने निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। सभी ने अपने समितियों और ईडीसी एंड जेएमएफसी में शपथ ली कि वन और वन्यप्राणी की सुरक्षा करेंगे। बाघ पुररुद्धार और जैव विविधता रैली कर स्कूल के बच्चों और स्थानीय लोगों को शामिल कर वनस्पतियों, जीवों और वन्यजीवों के संकेतों पर प्रकाश डाला गया।

### टी.बी. नियंत्रणः जिला पंचायत अध्यक्ष व सदस्य बने निक्षय मित्र



बिलासपुर। जिला क्षय टीबी नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जनभागीदारी को सशक्त बनाने के उद्देश्य से जनप्रतिनिधियों की बैठक सीएमएचओ कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी व सदस्य मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों ने टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में आवश्यक सहयोग प्रदान करने के साथ ही निक्षय मित्र बनने का संकल्प लिया। सीएमएचओ कार्यालय में हुई बैठक में जिले के सभी विकासखंड के सभी ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया। इसके लिए जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.शुभा गरेवाल ने की। बैठक में ग्राम स्तर पर जागरूकता बढ़ाने, निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों की सहायता करने तथा जनभागीदारी को सशक्त बनाने पर विशेष बल दिया गया। जनप्रतिनिधियों ने टीबी उन्मूलन अभियान में सक्रिय भागीदारी और ग्रामीण क्षेत्रों के टीबी मरीजों के निक्षय मित्र बनने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ.गायत्री बांधी नोडल अधिकारी टीबी नियंत्रण कार्यक्रम अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी, डीपीएम पियूली मजूमदार एवं टीबी सलाहकार आशीष सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### पेंशन योजनाओं के हितग्राही कराएं मोबाइल एप से सत्यापन

बिलासपुर। भारत सरकार ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सामाजिक सहायता कार्यक्रम अन्तर्गत संचालित पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का सत्यापन के लिये मोबाईल एप बेनिफिशयरी सत्यापन ऐप तैयार कराया गया है। इसके माध्यम से प्रथम चरण में केन्द्रीय पेंशन योजनाओं-इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांगजनो का मोबाइल एप के माध्यम से सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। अब तक पेंशनधारियों द्वारा सत्यापन का कार्य नहीं कराया गया है। ऐसे केन्द्रीय पेंशनधारी योजनाओं के हितग्राही का पेंशन वितरण प्रभावित हो सकता है। अतः इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन के हितग्राही अपना सत्यापन कार्य ग्राम पंचायत के हितग्राही अपनी-अपनी जनपद पंचायत में एवं नगरीय निकाय अपने नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत में मोबाइल एप के माध्यम से करा लेंवे ताकि आगामी माह से आपकी पेंशन राशि प्रभावित न हो।

### सुब्हानिया अंजुमन इस्लामिया शाला में सायकल वितरण

बिलासपुर। शासन की सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत सायकल वितरण कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि सैय्यद मकबूल अली जिला अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा एवं विशिष्ट अतिथि डिम्पल सिंह उपवेजा एवं नवीन मसीह की उपस्थिति में किया गया। अंजुमन समिति की ओर से अब्दुल मजीद कुरैशी एवं डॉ.एमएसके खोखर कार्यक्रम में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में प्राचार्य रिजवान खान द्वारा शासन की सरस्वती सायकल योजना की जानकारी देते हुए इसकी उपयोगिता एवं सार्थकता पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन शाला की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती नाहिद परवेज ने किया। इस अवसर पर शाला के शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्राएं उपस्थित थे।

# एमसीपीसी ने मध्यस्थता के माध्यम से निपटाए 1962 मामले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

न्यायिक प्रणाली में लंबित मामलों की संख्या कम करने और जन-हितैषी न्याय को बढ़ावा देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा और उच्चतम न्यायालय की मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति एमसीपीसी ने 1 जुलाई से 30 सितंबर तक आयोजित 90-दिवसीय राष्ट्रव्यापी मध्यस्थता अभियान मध्यस्थता-राष्ट्र के लिए का सफल समापन किया।

मध्यस्थता-राष्ट्र के लिए अभियान का उद्देश्य तालुका से लेकर उच्च न्यायालय तक सभी न्यायिक स्तरों पर लंबित विवादों में सस्ता, त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से समाधान के लिए मध्यस्थता को प्रोत्साहित करना था। इस अभियान में वैवाहिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावे, घरेलू हिंसा के मामले, चेक बाउंस के मामले, वाणिज्यिक विवाद, सेवा संबंधी मामले, आपराधिक समझौता योग्य मामले, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली के मामले, विभाजन के मुकदमे, बेदखली के मामले, भूमि अधिग्रहण विवाद, मध्यस्थता के मामले, श्रम संबंधी विवाद और अन्य उपयुक्त दीवानी मामलों सहित विभिन्न प्रकार के मामलों को शामिल किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य में इस अभियान में सहभागिता को प्रोत्साहित करने और मध्यस्थता के लाभों पर प्रकाश डालने के लिए जमीनी स्तर पर व्यापक अभियान चलाए गए। छत्तीसगढ़ में इस अभियान में उल्लेखनीय सहभागिता देखी गई और महत्वपूर्ण सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए। अभियान के दौरान कुल 11,144 लंबित मामलों को मध्यस्थता के लिए भेजा गया, जिसके परिणामस्वरूप 1962 मामलों का सफल और अंतिम निपटारा हुआ। मध्यस्थता के प्रति जन मानस का विश्वास, जागरूकता, पारदर्शिता और परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण के कारण अभियान को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। छत्तीसगढ़ में मध्यस्थता राष्ट्र के लिए अभियान का सफल समापन मजबूत संस्थागत नेतृत्व और सभी के लिए सुलभ न्याय के प्रति प्रतिबद्धता का एक सकारात्मक प्रमाण है। इस उपलब्धि के पीछे चीफ जस्टिस, सह मुख्य संरक्षक छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण सालसा रमेश सिन्हा का विशिष्ट संरक्षण और दूरदर्शी मार्गदर्शन सर्वोपरि था। वैकल्पिक विवाद समाधान एडीआर के माध्यम से न्यायिक लंबित मामलों को कम करने पर उनके अटूट जोर ने अभियान की सक्रिय पहुंच और व्यापक जनभागीदारी को प्रेरित करने वाली आधारभूत शक्ति का काम किया। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस संजय के अग्रवाल और मध्यस्थता केंद्रों की निगरानी समिति के अध्यक्ष जस्टिस पार्थ प्रतीम साहू के निरंतर मार्गदर्शन और सहयोगी ने भी इन प्रभावशाली परिणामों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे मध्यस्थता राज्य की न्याय प्रणाली के एक प्रभावी और विश्वसनीय घटक के रूप में स्थापित हुई।

■ मध्यस्थता-राष्ट्र के लिए अभियान में छत्तीसगढ़ ने हासिल की बड़ी सफलता

### सिम्स में मरीजों की भीड़



बिलासपुर। सिम्स में इन दिनों फिर से मरीजों की भीड़ उमड़ने लगी है। कई वार्डों में बेड नहीं होने के कारण मरीजों को इंतजार करना पड़ रहा है। हालत यह है कि वार्ड के बाहर आक्सीजन सिलेंडर लगाकर मरीज का इलाज किया जा रहा है।

## बिजनेस प्लस

### महक इलेक्ट्रॉनिक में एडवांस बुकिंग पर सोने चांदी के सिक्के




बिलासपुर। बैमा नगोई रोड रामा ग्रीन सिटी स्थित महक इलेक्ट्रॉनिक एंड फर्नीचर ने करवाचौथ और दीपावली पर्व के अवसर पर ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर की घोषणा की है। स्टोर द्वारा केवल 10,000 की एडवांस बुकिंग पर ग्राहकों को स्केरेच कार्ड के साथ सोना व चांदी के सिक्के प्रदान किए जा रहे हैं। त्योहारों के इस विशेष अवसर पर महक इलेक्ट्रॉनिक एंड फर्नीचर में शादी-ब्याह से लेकर घरेलू उपयोग की हर ज़रूरत का सामान आकर्षक दामों पर उपलब्ध है। स्टोर प्रबंधन ने बताया कि यह ऑफर सीमित समय के लिए है और करवाचौथ व दीपावली की खरीदारी को और भी खास बनाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। ग्राहक अधिक जानकारी और बुकिंग के लिए सीधे स्टोर पर संपर्क कर सकतें हैं।

## अमृत संवादः यात्रियों से रूबरू हुए रेलवे अधिकारी

# रेलवे जीएम से यात्रियों ने भोजन की क्वालिटी व महिला सुरक्षा पर पूछे सवाल



अमृत संवाद कार्यक्रम में उपस्थित रेलवे अधिकारी व यात्री।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर में अमृत संवाद के दौरान यात्रियों ने एक नई वंदेभारत चलाने के संबंध में जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश से सवाल किया, जिस पर उन्होंने कहा कि वंदेभारत चलाने या न चलाने का निर्णय डिवीजन और जोन का नहीं होता है। प्रस्ताव के बाद अंतिम निर्णय रेलवे बोर्ड की ओर से लिया जाता है।

अमृत काल की भावना एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रतिपादित पंच प्रण के अनुरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में विशेष अभियान 5.0 के तहत अमृत संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है । इसी श्रृंखला में बुधवार को बिलासपुर स्टेशन में महाप्रबंधक तरुण प्रकाश की विशेष उपस्थिति में अमृत संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया । कार्यक्रम के दौरान यात्रियों ने महाप्रबंधक तरूण प्रकाश, डीआरएम राजमल खोईवाल और अन्य अधिकारियों से सवाल किया कि बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन मुख्यालय में होने के बाद भी केवल एक ही वंदेभारत एक्सप्रेस की सौगात यात्रियों को दी गई है। इसके अलावा लंबी दूरी की एक्सप्रेस, सुपरफास्ट, मेल, दूरंतो, राजधानी सहित अन्य ट्रेनों के टायलेट में गंदगी, आईआरसीटीसी के भोजन की खराब स्थिति, महिलाओं की सुरक्षा, जो ट्रेन बिलासपुर से उसलापुर होते हुए कटनी रूट की ओर जाती थी उसे वापस लाने में किस तरह की दिक्कत होने के अलावा अन्य प्रश्न शामिल थे। यात्रियों के प्रश्न के जवाब में महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने बताया कि किसी भी जोनल स्टेशन या अन्य स्टेशनों में वंदेभारत को चलाने का निर्णय रेलवे बोर्ड की ओर से लिया जाता है। जोन यात्रियों और जनप्रतिनिधियों की मांग पर केवल प्रस्ताव भेजने का काम करती है। ट्रेनों में गंदगी के संबंध में उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत यात्री रेल मदद और अन्य एप पर कर सकते हैं, जिसपर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। महिला सुरक्षा पर उन्होंने बताया कि महिला यात्रियों की सुरक्षा को लेकर रेल प्रशासन लगातार काम कर रही है। ट्रेनों में स्काटिंग के अलावा आरपीएफ की मेरी सहेली भी इसमें सहयोग करती है, जो लगातार महिलाओं से संपर्क करते हुए उनकी समस्या को सुनने के बाद निराकरण कर रही है।

#### इंजन चेंज में होती है परेशानी

अमृत संवाद में यात्रियों ने पूछा कि पहले गोंदिया, दुर्ग, रायपुर से सारनाथ, अमरकंटक, जम्मूतवी, संपर्कक्रांति बिलासपुर आती थी। इस ट्रेन की सुविधा भी यात्रियों को मिल रही थी, लेकिन रेलवे ने इन सभी ट्रेनों को दाधापारा से सीधे उसलापुर में डायवर्ट कर दिया। इसके कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों के प्रश्न पर जीएम तरूण प्रकाश ने बताया कि रायपुर की ओर से बिलासपुर आने वाली ट्रेनों का स्टापेज उपरांत उसके इंजन चेंज करने में ही 20 मिनट से अधिक का समय लग रहा था, जिसकी वजह से ट्रेनें भी लेट होती थी। यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसे देखते हुए ट्रेनों को उसलापुर स्टेशन से डायवर्ट कर दिया गया है।

#### सशक्त और सीधा संवाद

पत्रकारों से चर्चा करते हुए महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने कहा कि अमृत संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य रेल प्रशासन और नागरिकों के बीच एक सशक्त एवं सीधा संवाद स्थापित करना है। रेल को अधिक आधुनिक, स्वच्छ, सुरक्षित, यात्री-अनुकूल एवं जन-केंद्रित बनाने की दिशा में यह पहल एक महत्वपूर्ण कदम है। यात्रियों के सुझाव रेलवे की प्रगति के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं और इन सुझावों को नीतिगत रूप से लागू करने के लिए गंभीरता से विचार किया जाएगा। 50 स्टेशनों का पुनर्विकास अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत किया जा रहा है, जिनमें 3 स्टेशनों बिलासपुर, रायपुर एवं दुर्ग का मेजर री-डेवलोपमेंट शामिल है। इन स्टेशनों पर लिफ्ट, एस्केलेटर, आधुनिक प्रतीक्षालय, उच्चस्तरीय प्लेटफॉर्म, कोच गाइडेंस सिस्टम, साइनेजेस, दिव्यांगजनों हेतु सुगम सुविधाएँ, सड़कों का उन्नयन एवं प्लेटफॉर्म शेल्टर जैसी उच्चस्तरीय सुविधाएँ यात्रियों के लिए विकसित की जा रही हैं, जिससे यात्रा अनुभव और अधिक आरामदायक एवं सुगम बनेगा। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक राहुल अग्रवाल, प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण आलोक तिवारी, अन्य वरिष्ठ विभागाध्यक्ष, मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारी, रेलवे कर्मचारी एवं यात्री उपस्थित रहे ।

## एजुकेशन प्लस

### आधारशिला न्यू सैनिक स्कूल में पोस्टर मेकिंग गतिविधि का आयोजन



बिलासपुर। आधारशिला विद्या मंदिर सैनिक स्कूल में वायु सेना दिवस के उपलक्ष्य में एक प्रेरणादायक पोस्टर मेकिंग गतिविधि का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय वायु सेना के प्रति सम्मान, देशभक्ति और सृजनशीलता की भावना को विकसित करना था। प्रति वर्ष 8 अक्टूबर को वायु सेना दिवस वर्ष 1932 में भारतीय वायु सेना की स्थापना की स्मृति में मनाया जाता है। शिक्षकों ने कहा कि यह दिवस हमारे देश की वायु सेना की निष्ठा और पराक्रम को स्मरण करने का प्रतीक है। विद्यालय के कैडेट्स ने अपने पोस्टरों में वायु सेना की शक्ति और गौरव को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। बच्चों ने रंगों के माध्यम से उड़ते विमानों, सैनिकों और देशभक्ति के प्रतीकों को दर्शाया। विद्यालय के चेयरमैन डा.अजय श्रीवास्तव ने कहा कि इस प्रकार की देशभक्ति से जुड़ी रचनात्मक गतिविधियाँ बच्चों के नैतिक मूल्यों और आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के उत्साह और प्रयासों की सराहना की। डायरेक्टर एसके जनास्वामी ने कहा कि वायु सेना दिवस हमें यह प्रेरणा देता है कि हमें जीवन में अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने जीवन में वायु सैनिकों के समर्पण से प्रेरणा लें। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती जीआर मधुलिका ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं। उन्होंने कहा कि वायु सेना दिवस हमें अपने देश के वीरों के प्रति सम्मान प्रकट करने का अवसर देता है। यह एक रचनात्मक गतिविधि थी, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों की देशभक्ति, सृजनशीलता और जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित करना था।

## सिटी कोतवाली से जूना बिलासपुर तक लगी गाड़ियों की कतार

# सड़क के मुहाने में गुमटियां, रोजाना लगता है जाम

बिलासुपर। शहर की सड़कों पर त्योहारों के आगमन से पहले ही जाम की समस्या लोगों का इंतजार कर रही है। दरअलस नगर निगम और ट्रैफिक विभाग की कार्रवाई रूकते ही सड़कों के किनारों पर गुमटियां लगने लगी है। मंगलवार की शाम को सिटी कोतवाली से जूना बिलासपुर तक की सड़क करीब 3 घंटें तक जाम रही, इस दौरा भीड़ में एम्बुलेंस वाहन को भी निकलने की जगह नहीं मिली। लोगों का कहना है कि आसपास के दुकानदारों ने दुकानों को आगे निकाल दिया है, वहीं सड़क खस्ताहाल होने से लोगों को खासी मुसीबत झेलनी पड़ रही है।

सड़कों पर अवैध तौर पर कब्जा जमा कर गुमटियां और ठेले लगाने वालों पर निगम की कार्रवाई बंद है। शहर के हर सड़क पर गुमटियों का कब्जा है। यही हाल जूना बिलासपुर, ज्वालीनाला और सिटी कोतवाली सड़क का है। यही जाम की समस्या का मुख्य कारण बन रही है। बड़ी-बड़ी दुकानों और काम्प्लेक्स में पार्किंग की सुविधा नहीं होने के कारण सड़कों पर गाड़ियां खड़ी की जाती है। दरअसल ज्वालीनाला सड़क और जूना बिलासपुर के मुहाने पर रोजाना 4 से 6 गुमटियां खड़ी रहती है, वहीं आसपास के लोगों के द्वारा यहां कार पार्क किया जा रहा है, जिससे सड़क का मुहाना बंद हो जाता है। वहीं शाम होते ही कई दुकानों व एजेंसी के सामने लोडिंग अपलोडिंग की जाती है, जिससे बड़ी-बड़ी गाड़ियां 10 फीट की सड़क पर खड़ी रहती है, ऐसे में यहां से वाहनों को निकलने की जगह तक नहीं मिल रही है। मंगलवार की शाम सड़क पर 3 घंटें तक जाम लगा रहा। खास बात यह है कि यहां से कुछ ही दूरी पर सिटी कोतवाली थाना है। लेकिन शाम के समय यहां ना तो पुलिस के जवान दिखाई देते है और ना ही ट्रैफिक जवान मौजूद होता है, जिससे लोगों का सामना जाम से होता है।



#### पार्किंग में बना दिया है गोदाम

ज्वाली नाला सड़क पर कई बड़ी दुकानें खुल चुकी है, सड़क के किनारे दुकानों में पार्किंग की सुविधा के साथ नक्शा पास कराया जाता है। नगर निगम के अधिकारियों को पार्किंग दिखाने के लिए निर्माण भी कराया गया है, लेकिन दुकानदार बड़ी ही होशियारी से पार्किंग को बंद कर गोदाम बना चुके है। जिससे उनकी दो पहिया गाड़ियां, मालवाहक गाड़ियां सड़क पर खड़ी रहती है। जाम की स्थिति में भी दुकानदारों के द्वारा अपनी गाड़ियां व्यवस्थित नहीं की जाती है।

### स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने की अपील

बिलासपुर। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की राज्य सलाहकार ने जिले के विभिन्न गांवों का दौरा कर स्वच्छता से जुड़े कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। मिशन की राज्य सलाहकार श्रीमती मोनिका सिंह ने तखतपुर के विभिन्न गांवों में स्वच्छता कार्यों, शौचालय निर्माण व अपशिष्ट प्रबंधन गतिविधियों का निरीक्षण कर ग्रामीणों से स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने की अपील की और साफ रहोगे, स्वस्थ रहोगे का संदेश दिया। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की राज्य सलाहकार श्रीमती सिंह ने तखतपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत भरनी, चोरभट्टी खुर्द, पोड़ीभरनी, निरतु एवं घुटकु का दौरा किया। उन्होंने इन ग्राम पंचायतों में निर्मित सामुदायिक शौचालयों, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों तथा गांवों में चल रहे कचरा संग्रहण कार्यों का गहन निरीक्षण कर स्वच्छाग्राहियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता मिशन केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि हर नागरिक का दायित्व होना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि गांव को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रत्येक परिवार की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने गांव-गांव में घर-घर कचरा संग्रहण की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। स्वच्छाग्राही समूहों के सदस्यों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि वे लोगों को कचरा पृथक्करण गीला व सूखा कचरा अलग-अलग रखने की जानकारी दें, ताकि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्य प्रभावी रूप से संचालित हो सके। इस अवसर पर जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत की टीम, संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, स्वच्छाग्राही, ग्रामीणजन एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### शराब पीकर स्कूल में हुड़दंग करने वाला गिरफ्तार



**सीपत।** ग्राम सेलर में शिक्षा के मंदिर को कलंकित करने वाले आरोपी पर सीपत पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर के अंदर शराब पीकर गाली-गलौज व हुड़दंग करने वाले आरोपी हनुमान प्रसाद कश्यप 41 वर्ष को पुलिस ने मौके पर ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 7 अक्टूबर को सीपत थाने को सूचना दी गई, कि ग्राम सेलर की शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में एक व्यक्ति शराब के नशे में धुत होकर शिक्षकों व विद्यार्थियों को गाली दे रहा है, और अशांति फैलाकर पढ़ाई में बाधा उत्पन्न कर रहा है। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची, और आरोपी को गिरफ्तार कर थाने से गई। जांच के दौरान आरोपी के विरुद्ध धारा 36(च)(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर हुए पृथक प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया।

## निधन

### उर्मिला शुक्ला



**बिलासपुर।** यदुनंदन नगर, तिफरा निवासी उर्मिला शुक्ला पति स्वर्गीय मथुरा प्रसाद शुक्ला (पौंसरा वाले ) का 78 वर्ष की उम्र में 8 अक्टूबर की सुबह निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार यदुनंदन नगर के स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रधान आरक्षक पुरुषोत्तम शुक्ला, गणेश शुक्ला एवं दुलेश शुक्ला की माता और हर्ष शुक्ला की दादी थीं।

### जमीयत राय तोलानी



**तखतपुर।** पुराना थाना वार्ड क्रमांक 7 निवासी जमीयत राय तोलानी (झम्मू सेठ) का 8 अक्टूबर को 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। इनका अंतिम संस्कार 9 अक्टूबर को तखतपुर मुक्तिधाम में सुबह 11 बजे किया जाएगा। ये राजेश तोलानी के पिता, गुलशन तोलानी के दादा थे।

### रामप्यारी केडिया



**जयरामनगर।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक स्व. लक्ष्मीनारायण केडिया की पत्नी रामप्यारी केडिया का 8 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 9 अक्टूबर को सुबह 10 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे पवन केडिया, विजय केडिया और अशोक केडिया की माता थीं।

### सनत केशरवानी



**लोरमी।** ग्राम खपरीकला निवासी सनत केशरवानी का 76 वर्ष की उम्र में बुधवार 8 अक्टूबर को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया। वे शैलेन्द्र, महेन्द्र, शिवेन्द्र, केशरवानी के पिता थे।

---

खाद ,बीज लेने एवं अन्य कार्यों के लिए किसानों को हो रही परेशानी, जर्जर भवन की छत का प्लास्टर गिरा बाल-बाल बचे लोग

# भठलीकला सोसायटी भवन की हालत जर्जर गंदगी, कीचड़ के बीच हो रहा संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

जिले के ग्राम भठलीकला में सेवा सहकारी समिति का कार्यालय भवन अत्यंत दयनीय स्थिति में है। यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। कर्मचारी कीचड़ और गंदगी के बीच काम करने को मजबूर हैं। जर्जर भवन की छत का प्लास्टर आए दिन गिरते रहता है। जिससे कर्मचारियों को जान का खतरा बना रहता है। गोदाम की स्थिति भी ठीक नहीं है। दीवार टूट चुकी है। जिसके कारण खाद बीज रखने की जगह नहीं बची है। काम करने के लिए एक उधार का भवन लिया गया था जहां बरसात के दिनों में घुटने तक पानी भरा रहता है।

ग्राम भठलीकला में सेवा सहकारी समिति का कार्यालय के जर्जर भवन में काम करने को कर्मचारी मजबूर हैं। गांव के किसानों के साथ एक पंच ने बताया कि कुछ दिन पूर्व कुछ काम को लेकर कार्यालय गए हुए थे। वहां अपनी बारी का इतंजार कर रहे थे। उसी वक्त अचानक छत का प्लास्टर भरभराकर गिर गया जिनके कारण उनके सिर एवं हाथ में चोट लगी थी। इस दौरान वहां काम कर रहे कर्मचारियों ने भाग कर अपनी जान बचाई। सेवा सहकारी समिति के कर्मचारियों ने बताया कि किसान तो भय बता कर वहां जाने को कतराते हैं पर समिति के कर्मचारी जान हथेली में रखकर जर्जर भवन में बैठकर काम करने को मजबूर हैं। कई बार दुर्घटना का शिकार भी हो चुके हैं फिर भी डर के साए में दफ्तर लगा रहे हैं।



जर्जर भवन में बैठकर काम कर रहे कर्मचारी।

### गोदाम वर्षों से जर्जर, दीवार गिरी

किसानों ने बताया कि खेती किसानी के दिनों में खाद बीज एवं धान बिक्री के समय पंजीयन कराने के अलावा अनेक कार्य पड़ता है। एक गोदाम कार्यालय था। जो वर्षों से टूट कर गिर चुका है। उसके बाद एक जर्जर भवन में कार्यालय लगाया जा रहा है। जहां बरसात के दिनों में पानी भरा रहता है। वहां की छत और दीवार गिर रही है। जिसके कारण वहां जाकर बैठने में भय बना रहता है। नतीजन किसानों को काम कराने में काफी दिक्कतें हो रही है। गांव में कार्यालय के लिए कोई अतिरिक्त भवन नहीं होने से डरावने भवन में कार्यालय लगाया जा रहा है।





### पहल नहीं की गई

सेवा सहकारी समिति का एक गोदाम वर्षों से जर्जर पड़ा हुआ है। जहां कार्यालय है। वह भयावह स्थिति में है। इसकी जानकारी ग्रामीणों के साथ स्थानीय जन प्रतिनिधियों के अलावा जिला कार्यालय तक दी जा चुकी है पर अब तक कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई।

**-घनश्याम यादव**
अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति भठलीकला

### स्थिति यथावत

समिति का दफ्तर नहीं होने के कारण एक जर्जर भवन में कार्यालय चल रहा है। जहां की छत का प्लास्टर गिर रहा है। इनकी जानकारी विभाग को अनेक बार दी जा चुकी है पर अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। स्थिति यथा वत बनी हुई है।

**-हरदयाल चंद्राकर**
प्रबंधक सहकारी समिति भठलीकला

### वैकल्पिक व्यवस्था होगी

सेवा सहकारी समिति भठलीकला के भवन निर्माण के संबंध में जिला पंचायत सीईओ के पास बात रखी गई थी। उनके द्वारा कोई बजट नहीं होने की बात कही गई। पुरानी समितियों के लिए विभाग के पास कोई बजट नहीं है। नई समिति के लिए नाबार्ड भवन बनाती है। जहां कार्यालय है वहां भवन जर्जर है तो वहां से स्थानांतरण कराकर अन्यत्र वैकल्पिक व्यवस्था कराई जाएगी।

**-हितेश कुमार श्रीवास**
सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं, मुंगेली

---

# स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने से बनेगा आत्मनिर्भर भारत: धरमलाल

**पथरिया।** बुधवार को सरगांव पथरिया मंडल की संयुक्त 'आत्मनिर्भर भारत कार्यशाला' का आयोजन ग्राम धरदेई के रीपा परिसर में किया गया जिसमें, मुख्य वक्ता के रूप में क्षेत्र के विधायक धरमलाल कौशिक उपस्थित रहे। कार्यशाला में ग्रामीण और नगरीय क्षेत्र के कार्यकर्ताओं को 'स्वदेशी एवं आत्मनिर्भर भारत' के संदर्भ में जागरुक किया गया।



कार्यशाला के माध्यम से कार्यकर्ताओं एवं आम जनमानस से स्वदेशी एवं अपने क्षेत्र में निर्मित वस्तुओं का अधिक से अधिक इस्तेमाल एवं खरीददारी कर भारत को आत्मनिर्भर देश बनाने का आह्वान किया गया। धरमलाल कौशिक ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज तीव्र गति से आर्थिक ताकत बन रहा है। यदि नागरिक स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दें, तो जल्द ही आत्मनिर्भर भारत और विकसत भारत का लक्ष्य पूर्ण हो जाएगा। देश को आर्थिक ताकत बनाने स्वदेशी अपनाना हर नागरिक का राष्ट्रीय दायित्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि, यह कार्यशाला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगी। आइए हम सब मिलकर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने तथा राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम बढ़ाएं। स्वदेशी आत्मनिर्भर भारत के जिला सहसंयोजक एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा ने कहा कि, स्वदेशी के लिए जनजागरण लाना है।

स्थनीय वस्तुओं को खरीदने लोगों को प्रोत्साहित करना होंगा। कार्यशाला में भाजपा नेता नरेंद्र शर्मा ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति नरेंद्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, जिला महामंत्री कैलाश सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष संजय राजपूत, सरगांव मंडल अध्यक्ष पोषण साहू, पथरिया नपं अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव, उपाध्यक्ष मनोज पांडेय, सभापति इंद्रजीत यादव, मेला राम डनसेना, मोनिका ओमू दिवान, रविन्द्र बघेल, सरगांव नपं अध्यक्ष परमानन्द साहू, विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णव, जनपद सभपति लोकेश साहू, रिंकू सिंह ठाकुर, जिला पंचायत सभापति अनिला देवेंद्र राजपूत, मंडल महामंत्री पथरिया बलराम जयसवाल, भाजपा नेता राजेन्द्र साहू, मंडल महामंत्री सरगांव अनिल दुबे, पंकज वर्मा, पूर्व नपं अध्यक्ष जसपाल सिंह छाबड़ा, गणेश सोनी, मंडल उपाध्यक्ष सनत बरगाह, प्रमोद साहू सहित दोनों मंडल के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## साले व बहनोई में विवाद दोनों की शिकायत पर मामला दर्ज

**तखतपुर।** बहन से मिलने गए युवक का अपने बहनोई के साथ विवाद हो गया। दोनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हाईस्कूल निवासी शुभम साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 7 अक्टूबर को रात 10 बजे वह अपनी बहन से मिलने उसके ससुराल गया हुआ था। घर में मौजूद उसके बहनोई पंकज व उसके भाई जितेंद्र ने शुभम को बहन से मिलने से मना किया एवं उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। वहीं, राजेश ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि, शुभम साहू घर आया और अपनी बहन के बारे में पूछते हुए गाली-गलौज करने लगा।जब राजेश ने उसे ऐसा करने से मना किया तो, उसने मारपीट कर दी। दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने धारा 115,2 296,3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया।

# धान का गबन, खरीदी केंद्र प्रभारी पर एफआईआर

**मुंगेली।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में शासन की महत्वाकांक्षी धान खरीदी कार्य में अनियमितता पर कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार खरीदी केन्द्र तरवरपुर के खरीदी प्रभारी सरजू बघेल पर एफआईआर दर्ज कराई गई है।

सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर शाखा सेतगंगा के प्रबंधक सुमरन दास मानिकपुरी की शिकायत पर पुलिस ने 65 लाख रूपए से अधिक कीमत के 2 हजार 97 क्विंटल धान के गबन के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। सहायक आयुक्त सहकारिता हितेश श्रीवास ने बताया कि वर्ष 2024-25 में शासन के निर्देशानुसार 15 नवम्बर 2024 से 31 जनवरी 2025 तक धान खरीदी कार्य संपन्न किया गया। इस दौरान धान खरीदी तरवरपुर के खरीदी प्रभारी सरजू बघेल द्वारा 65 लाख रूपए से अधिक कीमत के 02 हजार 97 क्विंटल धान का लेखा-जोखा प्रस्तुत नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि गठित टीम द्वारा जांच रिपोर्ट में यह स्पष्ट हुआ कि उक्त राशि का दुरुपयोग किया गया है। जांच के बाद प्रबंधक सहकारी केंद्रीय बैंक ने इस संबंध में थाना सेतगंगा में रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 318(4) एवं 316(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

---

## लूतरा शरीफ में 67वां सालाना उर्स आज से

**सीपत।** बाबा सैय्यद इंसान अली शाह का 67वां सालाना उर्स पाक 9 से 12 अक्टूबर तक लुतरा शरीफ दरगाह में शुरू होने जा रहा है। परंपरा के मुताबिक उर्स की शुरुआत सुबह 11 बजे परचम कुशाई के साथ होगी। चार दिनों तक चलने वाले इस उर्स में धार्मिक, सामाजिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों की श्रृंखला रहेगी। उर्स के एक दिन पूर्व सीपत तहसीलदार सोनू अग्रवाल, थाना प्रभारी गोपाल सतपथी ने कमेटी और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मेला स्थल के साथ पार्किंग व्यवस्था का मुआयना किया। दरगाह कमेटी के चेयरमैन इरशाद अली ने बताया कि शासन-प्रशासन के सहयोग से तैयारियां अंतिम चरण में हैं। दरगाह परिसर में इस बार देशभर से लाखों जायरीनों के आने की उम्मीद है। पहले दिन परचम कुशाई, संदल चादर और नातिया मुशायरा का कार्यक्रम होगा। दूसरे दिन मजारे पाक का गुस्ल किया जाएगा एवं नानी अम्मा की



दरगाह खम्हरिया मस्जिद से शाही संदल निकलेगा। तीसरे दिन दरगाह के सामने वन विभाग गार्डन में कव्वाली का शानदार कार्यक्रम होगा, वहीं आखिरी दिन कुल की फातिहा से पहले रंग की महफिल सजेगी। उर्स को सफल बनाने में चेयरमैन इरशाद अली, उपाध्यक्ष मोहम्मद सिराज, सेक्रेटरी रियाज अशरफी, नायब सेक्रेटरी हाजी गुलाम रसूल, खजांची रोशन खान, मेंबर हाजी अब्दुल करीम बेग, फिरोज खान, हाजी मोहम्मद जुबेर, महबूब खान, मोहम्मद कुद्दूस, अब्दुल रहीम, दरगाह के खादिम, स्थानीय मुस्लिम जमात, व्यापारी और ग्राम पंचायत पदाधिकारी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# पथसंचलन कर स्वयंसेवकों ने दिया राष्ट्रभक्ति का संदेश

**मल्हार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्ष पूरे होने की उपलक्ष्य में मल्हार मंडल के स्वयंसेवकों ने विजयादशमी उत्सव एवं शस्त्र पूजन किया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने उत्साह और अनुशासन के पथ संचलन कर राष्ट्र भक्ति व संगठन की एकता का शशक्त संदेश दिया।



पथ संचलन की शुरुआत हाई स्कूल मैदान से हुई एवं गुड्डी चौक, मध्य नगरी चौक, पुलिस चौकी, देवांगन मोहल्ला होते हुए मेला चौक, गढ़ चौक, दुपट्टा चौक, बरमदेव चौक से नया तालाब एवं बुधवारी बाजार चौक मुख्य मार्ग होते हुए हाईस्कूल मैदान वापसी के साथ समापन हुआ। इस दौरान नगर के सभी चौराहों पर पुष्प वर्षा एवं आतिशबाजी के साथ पथ संचलन का भव्य स्वागत किया गया। पथ संचलन के पश्चात पुनः शस्त्र पूजन कर मंचीय कार्यक्रम की शुरूआत हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने शारीरिक प्रदर्शन दंड संचालन, नियुद्व, पदविन्यास समता किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान पाठक कौशल किशोर सिंह रहे एवं मुख्य वक्ता विभूति भूषण पांडे प्रांत मंत्री विश्व हिंदू परिषद ने उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मल्हार मंडल से लगभग 140 स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में संघ के घोष वाद्य यंत्र के साथ कदम ताल करते हुए अनुशासनपूर्वक पथ संचलन किया, जो कि नगर में आकर्षण का केंद्र रहा। मंडल कार्यवाह रामकुमार वर्मा ने आभार प्रकट किया। इस दौरान जिला कार्यवाह रोहित भैना, भुनेश्वर निर्मलकर, धर्मेंद्र सिंह, राजा चौबे, प्रेमप्रकाश तिवारी, कमल अवस्थी, कामता वर्मा, अजय गुप्ता, बहोरन केवट, रवि कैवर्ट, राजकुमार वर्मा, धनेश्वर केवट सहित अन्य नागरिक मौजूद रहे।

**आम सूचना**

यह सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खसरा नं. 255/3, 254/4 एवं 257, कुल क्षेत्रफल 4500 वर्गफुट, ग्राम तालापारा, बिलासपुर (छ.ग.) स्थित संपत्ति संबंधी दिनांक 07/10/2025 को प्रकाशित एक सूचना में यह दर्शाने का प्रयास किया गया है कि उक्त संपत्ति पर किसी तीसरे पक्ष का अधिकार या स्वामित्व स्थापित हो चुका है।

इस संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि -

उक्त संपत्ति के संबंध में वर्ष 2021 में नीलामी की कार्यवाही की गई थी। परंतु Security Interest (Enforcement) Rules, 2002 के Rule 9(4) के अनुसार, नीलामी की तिथि के बाद निर्धारित अवधि (60 दिन) के भीतर पूरी बोली राशि जमा करना अनिवार्य होता है। इस अवधि के पश्चात कोई भी राशि जमा करना कानूनी रूप से मान्य नहीं है और ऐसे में नीलामी स्वतः अप्रभावी हो जाती है।

ASREC (India) Ltd. द्वारा किसी भी व्यक्ति के नाम पर कोई Sale Certificate जारी नहीं किया गया है। अतः किसी तीसरे पक्ष के स्वामित्व संबंधी सभी दावे पूर्णतः भ्रामक, असत्य एवं अवैध हैं।

उक्त संपत्ति से संबंधित मामला वर्तमान में ऋण वसूली अधिकरण (DRT) में विचाराधीन है। अतः कोई भी लेन-देन या दावा लंबित कार्यवाही के परिणाम पर निर्भर होगा।

अतः आम जनता को चेताया जाता है कि :-

◇ इसके अतिरिक्त, उपरोक्त झूठी एवं भ्रामक सूचना प्रकाशित कर मेरी प्रतिष्ठा एवं स्वामित्व अधिकारों को ठेस पहुँचाई गई है। अतः संबंधित व्यक्ति/पक्ष के विरुद्ध मानहानि (दीवानी एवं फौजदारी) सहित सभी वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है।

◇ साथ ही, यह भी स्पष्ट किया जाता है कि मैं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग से संबंधित हूँ। मेरे सामाजिक दर्जे का दुरुपयोग कर, मुझ पर अनुचित दबाव बनाया जा रहा है तथा मेरी सामाजिक प्रतिष्ठा और संपति संबंधी अधिकारों को हानि पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है। यह आचरण न केवल मानहानिकारक है बल्कि SC/ST (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत दंडनीय अपराध भी है।

◇ आगामी समय में मेरे नाम या मेरी संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की झूठी, भ्रामक या बिना अधिकार की सूचना का प्रकाशन अथवा प्रसारण किया गया, तो उसके लिए प्रकाशक, लेखक एवं संबंधित व्यक्ति पूर्ण रूप से उत्तरदायी होंगे तथा उनके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

मैं इस माध्यम से उपरोक्त दावों का पूर्णतः खंडन करता हूँ तथा स्पष्ट रूप से सूचित करता हूँ कि संपत्ति के संबंध में किसी भी झूठी जानकारी का प्रकाशन, प्रसारण अथवा दावा मानहानिकारक माना जाएगा और उसके लिए विधिक कार्रवाई आरंभ की जाएगी।

मैं अपने पक्षकार पक्षकार श्री खगेंद्र मनहर से नियुक्त होकर दिनांक 7/10/2025 को प्रकाशित सर्वसाधारण सूचना का खंडन करता हूं।

एडवोकेट धर्मेश बघेल
निवास-नियर उसलापुर स्टेशन वैष्णवी विहार
फेस 1 हाउस नंबर 9 उस्लापुर
मो नंबर 9577795515

**न्यायालय प्रथम जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**

**नोटिस /समंस**

लहरा बाई यादव वगैरह..........आवेदकगण
विरुद्ध
आम जनता वगैरह......अनावेदकगण

प्रोसेस क्र. 765
एमजेसी सि.प्र.क्र.719/2025
आदेश दिनांक -25/09/2025

1- आम जनता, इस न्यायालय में आवेदिका क्र.1 लहरा बाई यादव पति स्व.लखनलाल यादव एवं क्र.2, पूनम यादव पति स्व.सुनील यादव दोनों निवासिनी-बोड़सरा, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर ने एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 29 संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम वास्ते भूमि बिक्री की अनुमति प्रदान करने बाबत आवेदिका क्र.01 ने अपने नाबालिक पुत्र दिपेश यादव पिता स्व.लखनलाल यादव उम्र 16 वर्ष नाबा. वली वैध संरक्षिका मां लहरा बाई यादव एवं आवेदिका क्र.02 पूनम यादव ने अपने नाबालिक पुत्र क-निलेश पिता स्व.सुनील यादव उम्र 12 वर्ष ख.सेजल पिता स्व.सुनील यादव उम्र 10 वर्ष, ग-जिशान पिता स्व. सुनील यादव उम्र 06 वर्ष तीनों नाबालिक के वैध संरक्षिका वली मां पूनम यादव द्वारा ग्राम-बोड़सरा प.ह.नं.37, रा.नि.मं. अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नं.455/1 कुल रकबा 0.4860 हे.भूमि में से 0.59 एकड़ जो शामिलात रूप से अनावेदक क्र.2 से 7 के साथ संयुक्त रूप से दर्ज है। जिसमें आवेदकगणों का 1/6 हिस्सा विद्यमान हैं जिसे उपरोक्त आवेदिकागण अपने उपरोक्त नाबालिकों के हिस्से की भूमि को बिक्री करने हेतु बिक्री की अनुमति बाबत आवेदन पत्र पेश किये हैं। उपरोक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 29/10/2025 को नियत है। इस समाचार पत्र में प्रकाशन के द्वारा आम जनता को सूचित किया जा रहा है कि यदि किसी व्यक्ति को आवेदन पत्र पर आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 29/10/2025 को न्यायालय में प्रातः 11.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति जवाब पेश कर सकते हैं अन्यथा एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 29/10/2025 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्यदिवस को किया जावेगा।

आज दिनांक 26/09/2025 को मेरे न्यायालय की सील मुद्रा लगाकर हस्ताक्षरित किया गया।
स्थान - बिलासपुर (छ.ग.)
दिनांक -06/10/2025

(शैलेष कुमार केतारप)
न्यायालय, प्रथम जिला न्यायाधीश
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-6/2024-25
पक्षकार :- मनोज कुमार चंदानी पिता रामचंद चंदानी .............आवेदकगण
बनाम
छ.ग. शासन .............अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज कुमार चंदानी पिता रामचंद चंदानी निवासी शांति लकड़ी टाल के सामने सिंधी कालोनी बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने स्वsयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला जरहाभाठा नजूल शीट नं. 4 प्लाट नं. 45/3 रकबा 2642 व.फु. भूमि स्थित है। उक्त भूमि नजूल अभिलेख में सुन्दरी बाई व अन्य 8 के नाम पर दर्ज है। सुंदरीबाई की मृत्यु दिनांक 11.01.2017 रामचन्द की मृत्यु दिनांक 25.05.2024, मीरालालवानी की मृत्यु दिनांक 05.02.2020, मीरा चंदानी की मृत्यु दिनांक 01.02.2018 लक्ष्मीबाई की मृत्यु दिनांक 24.08.2007, कन्हैयालाल की मृत्यु दिनांक 25.01.2007, घनश्याम दास की मृत्यु दिनांक 02.05.2007 को हो चुकी है। उपरोक्त भूमिस्वामियो की मृत्यु पश्चात उनके विधिक वारिसानो के नाम पर फौती नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनांक 24/10/2025 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/दावा विचारणीय बही होगा।

आज दिनांक 9/10/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी, नजूल बिलासपुर**

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-6/2024-25
पक्षकार :- मनोज कुमार चंदानी पिता रामचंद चंदानी .............आवेदकगण
बनाम
छ.ग. शासन .............अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज कुमार चंदानी पिता रामचंद चंदानी निवासी शांति लकड़ी टाल के सामने सिंधी कालोनी बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने स्वयं के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला जरहाभाग नजूल शीट नं. 4 प्लाट नं. 13/2 रकबा 2310 व.फु. भूमि स्थित है । उक्त भूमि नजूल अभिलेख मे सुन्दरी बाई व अन्य 8 के नाम पर दर्ज है। सुंदरीबाई की मृत्यु दिनांक 11.01.2017, रामचन्द की मृत्यु दिनांक 25.05.2024, मीरालालवानी की मृत्यु दिनांक 05.02.2020, भीरा चंदानी की मृत्यु दिनांक 01.02.2018 लक्ष्मीबाई की मृत्यु दिनांक 24.08.2007, कन्हैयालाल की मृत्यु दिनाक 25.01.2007, घनश्याम दास की मृत्यु दिनांक 02.05.2007 को हो चुकी है। उपरोक्त भूमिस्वामियो की मृत्यु पश्चात उनके विधिक वारिसानो के नाम पर फौती नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनांक 24/10/2025 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 7/10/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया ।

**नजूल अधिकारी, नजूल बिलासपुर**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने मौजा किरारी प.ह.नं.-0008 रा.नि.मं. मस्तूरी तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 88/2 रकबा 0.2750 हेक्टेयर भूमि स्वामी देवेन्द्र कुमार पिता भुनेश्वर प्रसाद तिवारी निवासी नेता नगर मस्तूरी तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग. से क्रय करने का सौदा करते हुए अग्रिम धन विक्रेता को भुगतान कर दिया है और निकट भविष्य में शेष प्रतिफल भुगतान कर पंजीकृत विक्रयपत्र निष्पादित करायेगा।

अतः किसी भी व्यक्ति, संस्था एवं निकाय को उक्त संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर मेरे नीचे बताये पते पर मय दस्तावेज के लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं बाद अवधि कोई भी आपत्ति अवैधानिक एवं प्रभावशुन्य माना जावेगा।

सो सूचना जानें।
दिनांक: 8/10/2025

ऐश्वर्य पान्डेय
अधिवक्ता
शुभम विहार, ओम जोन गेट के पास
बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं.-8319433844
9111092229

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी, तहसील सकरी**

**मामले की श्रेणी : राजस्व**

संदर्भ :- जिला बिलासपुर तहसील-सकरी प.ह.न.-00043 अमेरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT20242540 1115800490

**ईश्तहार**

तहसील सकरी के प.ह.न. 00043 के अंतर्गत ग्राम अमेरी के वर्तमान भूमिस्वामी हाशिम अली पिता/पति-शेख हुसैन पता-सा तेलीपारा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 481/1 (0.0100), 500/4 (0.2493) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता राघवेन्द्र वर्मा रितु श्रीवास्तव नुपुर पिता/पति-डा विजय कुमार वर्मा पता-बिलासपुर के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 21/10/25 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी, तहसील सकरी पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/10/25 को जारी किया जाता है।

**नायब तहसीलदार सकरी**

बिजनेस साइट

# भारतीय कॉन्ग्लोमरेट्स में निवेश करने का मामला

**बिलासपुर।** वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक माहौल इन दिनों शांत नहीं है। इक्विटी निवेशकों के लिए, यह विचार करने योग्य एक महत्वपूर्ण कारक है। टैरिफ युद्ध और मुक्त व्यापार में बाधाएँ वैश्विक विकास को धीमा कर रही हैं और मुद्रास्फीति को बढ़ावा दे रही हैं, जबकि भू-राजनीतिक तनाव निवेशकों को जोखिम से बचने वाला बनाए हुए हैं और भारतीय बाजारों में विदेशी प्रवाह को बाधित कर रहे हैं। घरेलू मोर्चे पर, सुस्त खपत कॉर्पोरेट आय पर दबाव डाल रही है, भले ही शेयर बाजार के मूल्यांकन ऊँचे बने हुए हैं। इसका परिणाम बढ़ी हुई अनिश्चितता और अस्थिरता है। ऐसे समय में, जब इक्विटी एक परिसंपत्ति वर्ग के रूप में आवश्यक बनी हुई है, लेकिन जोखिम को अनदेखा नहीं किया जा सकता है, तो इक्विटी निवेश जो अधिक लचीले और कम अस्थिर होते हैं, उन्हें आमतौर पर पसंद किया जाता है। कई क्षेत्रों में व्यावसायिक हितों वाली बड़ी कंपनियाँ या कॉन्ग्लोमरेट्स ऐसे ही एक विकल्प हो सकते हैं।



**उग्र नाथ झा**
पार्टनर, झा इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंशियल सर्विसेज, बिलासपुर

एक प्रमुख भारतीय कॉन्ग्लोमरेट का उदाहरण लें जो अपने प्रतिष्ठित प्रमोटर समूह, अच्छे शासन और विविध व्यावसायिक पोर्टफोलियो के लिए जाना जाता है। इस समूह के व्यवसाय आईटी, ऑटोमोबाइल, स्टील, उपभोक्ता उत्पाद, बिजली, आतिथ्य, वित्तीय सेवाओं और अन्य कई क्षेत्रों में फैले हुए हैं। इस व्यापकता का मतलब है कि यदि वर्तमान वातावरण में एक या दो क्षेत्रों में मंदी का सामना करना पड़ता है, तो अन्य कमजोरियों की भरपाई कर सकते हैं, जिससे समग्र प्रदर्शन स्थिर होता है। भारत के सबसे भरोसेमंद ब्रांडों में से एक होने के नाते, यह मौजूदा खपत मंदी के दौरान भी अपने उपभोक्ता - उन्मुख उत्पादों और सेवाओं के लिए स्थिर मांग का आनंद लेता है। उनकी विश्वसनीयता उनकी पूंजी की लागत को कम करती है, जिससे उन्हें विस्तार के लिए या मौजूदा मंदी के दौरान तनावग्रस्त कंपनियों का समर्थन करने के लिए आसानी से धन जुटाने की अनुमति मिलती है। भौगोलिक क्षेत्रों में परिचालन के साथ, वे क्षेत्रीय मंदी और मुद्रा अस्थिरता को ऑफसेट करने के लिए बेहतर स्थिति में हैं। अच्छी प्रबंधन प्रथाएं कुप्रबंधन या धोखाधड़ी के जोखिम को कम करती हैं, जो अन्यथा कठिन बाजार स्थितियों के दौरान आम होती हैं, इस प्रकार निवेशक विश्वास और निवेशक प्रवाह को आकर्षित करती हैं।

कुल मिलाकर, इक्विटी निवेशक जो कम गिरावट और कम पोर्टफोलियो झटकों के साथ बाजार की अनिश्चितता के इस चरण को पार करना चाहते हैं, वे कॉन्ग्लोमरेट थीम म्यूचुअल फंड के माध्यम से भारतीय कॉन्ग्लोमरेट्स में निवेश करने पर विचार कर सकते हैं। वे आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड की नवीनतम पेशकश आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल कॉन्ग्लोमरेट फंड पर विचार कर सकते हैं, जो कॉन्ग्लोमरेट थीम का पालन करने वाली एक ओपन एंडेड इक्विटी योजना है, जिसमें क्षेत्रों और बाजार पूंजीकरण में जाने की सुविधा है। यह फंड स्टॉक चयन के लिए टॉप-डाउन और बॉटम-अप दोनों दृष्टिकोणों का उपयोग करता है, जिसमें पोर्टफोलियो निर्माण को संरचनात्मक और चक्रीय दोनों अवसरों को पकड़ने के लिए डिज़ाइन किया गया है। नया फंड ऑफर (एनएफओ) 3 अक्टूबर, 2025 से 17 अक्टूबर, 2025 तक खुला है।

## खबर संक्षेप

### सहकारी समिति की मतदाता सूची पर दावा आपत्ति 15 तक

**बिलासपुर।** खारंग जलाशय निषाद मछुवा सहकारी समिति मर्यादित सीस की सदस्यता सूची का प्रथम प्रकाशन 8 अक्टूबर को कर दिया गया है। सदस्यता सूची पर दावा-आपत्ति 15 अक्टूबर तक आमंत्रित किया गया है। जारी सूची कार्यालय के नोटिस बोर्ड, उप पंजीयक सहकारी संस्थायें बिलासपुर के कार्यालय, विकासखण्ड कोटा के कार्यालय, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित शाखा रतनपुर के सूचना पटल पर चस्पा कर दिया गया है। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निराकरण 16 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे किया जाएगा।

### दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार का आवेदन कल तक

**बिलासपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष 3 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर सर्वोत्तम दिव्यांग कर्मचारी दृष्टि बाधित, श्रवण बाधित, अस्थि बाधित, प्रमष्तिक अंगाघात कुल 4 श्रेणी, दृष्टि बाधित, श्रवण बाधित, अस्थि बाधित, प्रमस्तिष्क अंगाघात, बहुदिव्यांग दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाली स्वैच्छिक संस्थाओं कुल 4 श्रेणी, नियोक्ताओं के अतिरिक्त निःशक्तता के क्षेत्र में कार्य कर रही सर्वोत्तम जिला संवर्ग को दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरुस्कार से अलंकृत किया जाता है। इसी अनुक्रम में इस वर्ष भी दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदाय किया जाएगा।

### उसलापुर की होटल से आरक्षक का बैग पार



**बिलासपुर।** उसलापुल की एक होटल में खाना खा रहे आरक्षक का बैग चोरी हो गया। बेग में थाना संबंधी जरूरी दस्तावेज थे। सीसीटीवी फुटेज में एक युवक चोरी करते नजर आ रहा है। पुलिस चोर की पतासाजी में जुट गई है। उसलापुर निवासी देवेन्द्र सोनवानी ने बताया, उनका भाई दीपक सोनवानी सरगुजा गांधीनगर थाने में आरक्षक है। मंगलवार को वे हाईकोर्ट में केस डायरी जमा करने आए थे। डायरी जमा करने के बाद पावती लेकर उनसे मिलने उसलापुर गए और दोनों खाना खाने एक होटल में गए थे। खाना खाने के दौरान अज्ञात चोर ने आरक्षक का बैग चोरी कर लिया, बैग में थाने संबंधी आवश्यक दस्तावेज थे। होटल के सीसीटीवी कैमरे में एक युवक चोरी करते नजर आ रहा है। दीपक सोनवानी ने चोरी की रिपोर्ट सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई है।

### शराब पीकर स्कूल परिसर में हंगामा, गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने शराब पीकर स्कूल परिसर में हंगामा मचाने वाले ग्रामीण को गिरफ्तार कर लिया है। सीपत टीआई गोपाल सतपथी ने बताया, सेलर निवासी हनुमान प्रसाद कश्यप पिता स्व. जेठूराम कश्यप 41 साल गांव के स्कूल परिसर में शराब पीकर हंगामा मचा रहा था, जिससे स्कूल के शिक्षक व बच्चों के पढ़ाई में व्यवधान हो रहा था। पुलिस स्कूल पहुंचकर हंगामा मचाते हुए उसे पकड़कर थाने ले गई। पुलिस ने उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम 36 व पृथक से प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

---

एप में ही समस्या | सकरी तहसील के पांड़ गांव का मामला

# एग्रीस्टेक पंजीयन के बाद भी तहसील से अप्रूवल नहीं, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

किसानों द्वारा चॉइस सेंटरों में एग्रीस्टेक पंजीयन करवाने के बाद भी तहसील से अप्रूवल नहीं मिलने के कारण परेशान होना पड़ रहा है। सूत्रों के अनुसार एप में ही समस्या होने के कारण वेरिफिकेशन नहीं होने से अप्रूवल नहीं मिल पाने की बात सामने आई है। इस संबंध में शासन स्तर तक भी बात पहुंचाई गई है, जिसका जल्द ही समाधान निकाला जाएगा।

सकरी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत पांड़ के कई किसानों ने चॉइस सेंटरों के माध्यम से अपने खेतों का एग्रीस्टेक पंजीयन करा लिया है। इधर पंजीयन हो जाने के बाद भी तहसील कार्यालय से अप्रूवल नहीं मिल पाने के कारण वे निर्धारित समय में सहकारी समितियों में धान नहीं बेच पाने को लेकर आशंकित हैं, वहीं सकरी तहसील के चक्कर लगाकर परेशान हो रहे हैं। इधर एग्रीस्टेक पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित होने के कारण अब तक पंजीकृत नहीं हो पाने वाले किसानों में चिंता व्याप्त होने लगी है। हालांकि प्रशासन द्वारा निर्धारित समयावधि तक पंजीयन हो जाने का आश्वासन किसानों को दिया जा रहा है।

#### 32 गांवों के किसान अब भी एग्रीस्टेक पंजीयन से छूटे

जिले के 32 ग्राम पंचायतों के किसान अब भी ऐसे हैं, जिनका एग्रीस्टेक पंजीयन नहीं हो सका है। इन सभी मामलों में एक ही तरह की समस्या है। यहां महल नंबर एक से अधिक होने के कारण पोर्टल में पंजीयन का विकल्प नहीं दिखाई दे रहा है। अधिकारियों द्वारा जल्द ही इसका समाधान निकल जाने की बात कही जा रही है।




#### जल्द हल निकाला जाएगा

पांड़ गांव के किसानों की समस्या जानकारी में है। एप में ही समस्या होने के कारण वेरिफिकेशन नहीं हो पाया है, जिससे संबंधितों को अप्रूवल नहीं मिल सका है। इस बात की जानकारी शासन स्तर तक पहुंचाई गई है। बहुत जल्द ही समाधान निकाल लिया जाएगा।

**-राहुल शर्मा,** तहसीलदार सकरी

#### सभी किसानों का होगा पंजीयन

किसान लगातार एग्रीस्टेक पंजीयन को लेकर तहसील कार्यालय पहुंच रहे हैं, जिन्हें स्पष्ट रूप से समझाया जा रहा है कि एक भी ऐसे किसान शेष नहीं रहेंगे, जिनका एग्रीस्टेक पंजीयन न हो, जिससे वह समर्थन मूल्य पर धान न बेच पाए। इसके लिए किसान निश्चिंत रहें।

**-प्रकाशचंद्र साहू,** तहसीलदार बिलासपुर

---

इमलीपारा रोड पर हाल ही में बनाई गई है ट्रांसपोर्ट दुकानें

# ट्रांसपोर्ट नगर बसा नहीं, शहर में अवैध तरीके से चल रहीं दुकानें


हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

20 साल पहले शहर के ट्रांसपोर्टर्स को यहां से 5 किमी दूर भेजा गया था, लेकिन निगम की लाख कोशिशों के बाद भी ट्रांसपोर्ट नगर नहीं बस सका है, वहीं दूसरी ओर अब शहर में हर जगह ट्रांसपोर्टर्स नई दुकानें खोलने लगे हैं। सरजू बगीचा के बाद अब इमलीपारा रोड पर दुकानें खुल गई हैं। खास बात यह है कि नगर निगम की परमिशन के बगैर टीन शेड से निर्मित दुकानों से व्यवसाय जोर पकड़ने लगा है।

■ नगर निगम से नहीं ली गई है परमिशन

इमलीपारा रोड स्थित एक बड़े हिस्से में ट्रांसपोर्टर्स की दुकानें मौजूद है। हाल ही में इन दुकानों का निर्माण कराया गया है। जानकारों के मुताबिक सरजू बगीचा गली में आवासीय क्षेत्र में होने के बाद इन ट्रांसपोर्ट की दुकानों का खुला विरोध होने लगा था, नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए नोटिस भी थमाया था। जिसके बाद एक-एक कर ट्रांसपोर्टरों ने सरजू बगीचा छोड़ इमलीपारा में डेरा जाम लिया है। यहां नया ट्रांसपोर्ट नगर खुल चुका है। खास बात यह है कि 80 करोड़ की लागत से बनाया गया परसदा का ट्रांसपोर्ट नगर अब भी वीरान है, यहां की ज्यादातर दुकानों में ट्रांसपोर्टर्स का कब्जा है, लेकिन उनका व्यवसाय शहर के भीतर से चल रहा है। तेलीपारा, मेडिकल काम्प्लेस, इमलीपारा, सरजू बगीचा जैसे क्षेत्रों में एक के बाद एक दुकानें खुल रही है। वहीं इन दुकानों की अनुमति भी नहीं ली गई है।





#### साल 2005 में बनाया था ट्रांसपोर्ट नगर

परसदा में ट्रांसपोर्ट नगर साल 2005 में बनाया गया है। अब यहां का हाल बेहाल है। डिवाइडर टूटा हुआ है। सड़क उधड़ रही है। यहां 100 से अधिक दुकानें मौजूद हैं। ट्रांसपोर्टरों के पास मूलभूत सुविधाएं सड़क नाली बिजली पानी का अभाव है। बड़े ट्रांसपोर्टर अब पेंड्रीडीह ओर जा चुके हैं।

#### जानकारी ली जाएगी

ट्रांसपोर्टर्स की दुकानों की जानकारी नहीं मिली है, इसके लिए इंजीनियर और अधिकारियों को भेजकर वेरिफाई कराया जाएगा। अनुमति है या नहीं इसकी जानकारी ली जाएगी।

-प्रवेश कश्यप, जोन कमिश्नर, जोन क्रमांक 5

---

# मध्य प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष आ रहे कांग्रेस पर्यवेक्षक बनकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

संगठन सृजन अभियान अंतर्गत कांग्रेस के पर्यवेक्षक मध्य प्रदेश के विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार 10 अक्टूबर को यहां बिलासपुर आ रहे हैं। पार्टी की ओर से उनका कार्यकर्ताओं के साथ मिटिंग दौरा कार्यक्रम आ गया है। श्री सिंघार को बिलासपुर सहित मुंगेली दोनों जिलों का पर्यवेक्षक बनाया गया है, इसलिए वे यहां तीन-चार दिनों तक रूककर प्रत्येक विधानसवार कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मिटिंग कर रायशुमारी करेंगे।

■ संगठन सृजन अभियान के तहत विधानसभावार करेंगे कार्यकर्ताओं से रायशुमारी

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एआईसीसी ने नए कांग्रेस अध्यक्षों के नियुक्ति के लिए पर्यवेक्षक भी नियुक्त कर दिए हैं। बिलासपुर व मुंगेली जिले के लिए मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार को पर्यवेक्षक बनाया गया है जो 10 अक्टूबर को बिलासपुर पहुंच रहे हैं। पर्यवेक्षक श्री सिंघार यहां उसी दिन दोपहर में तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक कमेटी, कार्यकर्ताओं से उसके बाद शाम को कोटा विधानसभा के ब्लॉक कमेटी, कार्यकर्ताओं की मिटिंग लेकर संगठन सृजन अभियान के संबंध में चर्चा करेंगे। अगले दिन 11 तारीख को मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र तथा बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक कमेटी, कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे। 12 तारीख बिलासपुर विधानसभा और बेलतरा विधानसभा के ब्लॉक कमेटी व कार्यकर्ताओं की मिटिंग लेकर रायशुमारी करेंगे। 13 तारीख को पर्यवेक्षक श्री सिंघार मुंगेली जिला जाएंगे और मुंगेली एवं लोरमी विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक कमेटी और कार्यकर्ताओं की मिटिंग लेकर संगठन सृजन अभियान के संबंध में बात करेंगे।

#### छग के लिए 17 पर्यवेक्षक नियुक्त

कांग्रेस ने संगठन सृजन अभियान तहत कांग्रेस अध्यक्ष के चयन प्रक्रिया के लिए छत्तीसगढ़ के लिए 17 पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। इनमें सप्तगिरी उल्का, अजय कुमार, सुबोध कांत सहाय, उमंग सिंगार, आरसी खुंटिया, राजेश ठाकुर, विवेक बसंल, डॉ. नितिन राउत, श्याम कुमार बर्वे, प्रफुल्ल ग्रोथ, चरण सिंह सपरा, विकास ठाकरे, सुश्री हिना कार्पेट, सुश्री रीता चौधरी, एसएमटी रेहाना रेयाज चिश्ती, अजमतुल्लाह हुसैनी, सीताराम लम्बा को पर्यवेक्षक बनाया गया है।

#### पर्यवेक्षक के साथ अटैच किए गए हैं तीन लोग

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में कांग्रेस संगठन में बदलाव और नए अध्यक्षों के नियुक्ति के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए हैं। कांग्रेस ने अन्य राज्यों के वरिष्ठ नेताओं को पर्यवेक्षक बनाया है और साथ में प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों व विधायकों को अटैच करते हुए प्रदेश स्तरीय पर्यवेक्षक बनाया है। बिलासपुर व मुंगेली जिले के लिए मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार को एआईसीसी ने पर्यवेक्षक नियुक्त किया है और उनके सहयोग के लिए अटैच करते हुए पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव सहित पूर्व मंत्री धनेश पाटिल, प्रदेश पदाधिकारी नरेश ठाकुर तीन लोगों को प्रदेश स्तरीय पर्यवेक्षक बनाया गया है।

---

# चोर मचा रहे आतंक, तीन मकानों का टूटा ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



चोर गिरोह सक्रिय होकर सूने मकानों को टारगेट बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। एक बार फिर चोरों ने तीन सूने मकानों का ताला तोड़कर कीमती सोने चांदी के जेवर चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों का सुराग लगाने पाने में नाकाम साबित हो रही है।

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, इंद्रपुरी एफएम गोल्ड कालोनी निवासी आजम खान की सास शमा बेगम का तबियत खराब होने पर घर के सभी लोग मकान के दरवाजे में ताला लगाकर ससुराल तालापारा में रह रहे है। इसी दौरान चोरों ने उनके मकान में धावा बोलकर सोने का हार, बाली, टाप, लाकेट, सोने का दाना, फुल्ली, अंगूठी, एक डायमंड नोस पिन, चांदी की कटोरी, चम्मच, पायजेब, चांदी का चेन, हथफूल, बिंदिया, पायल, 70 हजार रुपए नकद चोरी कर लिया गया है। चोरी कई जेवर की कीमत 4 लाख रुपए बताई जा रही है।

#### कोनी में सेंधमारी कर 1 लाख की चोरी

कोनी पुलिस के अनुसार, निरतू करहीपारा राजेन्द्र सूर्यवंशी 5 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे मकान के दरवाजे में ताला लगाकर परिवार के साथ ससुराल मोपका चले गए थे। 7 अक्टूबर को सुबह 9 बजे वह घर लौटे और ताला खोलकर अंदर गए तो सामान अस्त व्यस्त पड़े थे और और दीवार टूटी हुई थी। आलमारी से सोने की माला, पायल, मंगलसूत्र, फुल्ली, हाफ करधन, चांदी का चाबी गुच्छा, मांग मोती, चांदी गठुला, बिछिया की चोरी हो गई थी। चोरी गए जेवर की कीमत 1 लाख रुपए बताई जा रही है।

#### भृत्य के घर में 1 लाख की चोरी

बिल्हा पुलिस के अनुसार, भैसबोड़ निवासी शासकीय प्री मैट्रीक बालक छात्रावास के भृत्य रिंकू टण्डन 4 अक्टूर को मकान में ताला लगाकर परिवार के साथ डोंगरगढ़ चले गए थे। 6 अक्टूबर को शाम 7.30 बजे लौटे तो दरवाजा अंदर से बंद था। धक्का देकर अंदर गए तो टीने की पेटी का ताला खुला हुआ था और सामान बिखरे पड़े थे। उसमें रखा सोने के लाकेट, गेंहूदाना, मराठी माला, टाप्स पायल चोरी हो गई थी। चोरी गई जेवर की कीमत 1 लाख रुपए बताई जा रही है।

#### कोटा पुलिस ने पकड़ा चोर

कोटा टीआई तोप सिंह नवरंग ने बताया, 2 अक्टूबर को पीपरतराई निवासी कनक विश्वकर्मा परिवार के साथ पीपरखुटी चले गए थे। शाम को लौटे तो घर के अंदर सामान बिखरे पड़े थे। सोने चांदी के जेवर व अन्य कीमती सामान की चोरी हो गई थी। पुलिस अपराध कायम कर जांच में लग गई। मुखबिर की सूचना पर पीपरतराई के एक नाबालिग को पकड़कर चोरी के जेवर सोने की तरकी, मंगलसूत्र, माला, चांदी की अंगूठी, बिछिया, पायल सहित 1 लाख 60 हजार के जेवर बरामद किया गया है।

---

नाबालिग से दुष्कर्म

### महिला पर टंगिया से किया जानलेवा हमला

**बिलासपुर।** एक युवक ने जोर जबरदस्ती कर नाबालिग से अनाचार किया, पीड़िता ने घटना की जानकारी अपने पिता दी। आक्रोशित पिता ने लड़के की मां पर टंगिया से जानलेवा हमला कर दिया है। गंभीर रूप से घायल महिला को बिलासपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों मामले में अपराध कायम कर लिया है। सीपत पुलिस के अनुसार, मंगलवार को क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग लड़की अपने घर के पास थी। इसी दौरान एक युवक आया और उसे पकड़कर बगल की गली में ले गया और अनाचार कर भाग गया। पीड़िता ने घटना की जानकारी अपने पिता को दी। पिता आक्रोशित होकर युवक के घर गया और उसके नहीं मिलने पर उसकी मां पर टंगिया से जान लेवा हमला कर दिया। जिससे गांव में हड़कंप मच गया। आनन फानन में परिजन के द्वारा महिला को इलाज के लिए सीपत अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी स्थिति को देखते हुए रिफर कर दिया गया है। परिजन के द्वारा महिला को बिलासपुर के निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ व लड़के की मां की रिपोर्ट पर पीड़िता के पिता के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

---

# त्योहार पर बारिश से मुसीबत बढ़ी फसलों को हो रहा है नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अक्टूबर में हो रही असामान्य बारिश किसानों के लिए चिंता का कारण बन चुकी है। लगातार बारिश से धान की खड़ी फसल पर भूरा माहो, ब्लास्ट सहित अन्य रोगों का प्रकोप तेजी से बढ़ गया है। जलभराव से फसल सड़ने लगी है, वहीं धूप नहीं निकलने से पौधे कमजोर हो चुका है। किसानों का कहना है कि फसलों पर छिड़की जा रही कीटनाशक का भी अब असर नहीं हो रहा है।

■ फसलों पर नहीं हो रहा कीटनाशक का असर

बीमारियों का प्रकोप पिछले पंद्रह दिनों से लगातार बढ़ रहा है। जरूरत से ज्यादा बारिश की वजह से खेतों में पानी भर गया है और धान के पौधे पीले पड़ने लगे हैं। फसल को बचाने के लिए किसानों को मजदूरों की मदद से करगा निकालने पड़ रहे हैं। वहीं, कीटनाशक दवाओं के बार-बार छिड़काव से लागत बढ़ती जा रही है। धान के साथ-साथ सब्जी की फसलें भी लगातार बारिश से खराब हो रही हैं। खेतों में पानी भरने से सब्जियों की जड़ें गलने लगी हैं। लौकी, टमाटर, भिंडी और बैंगन जैसी फसलें तेजी से नष्ट हो रही हैं। किसानों का कहना है कि सब्जियों को बचाने के लिए भी कीटनाशक दवाओं का इस्तेमाल बढ़ाना पड़ा है, जिससे लागत दोगुनी हो गई है। अक्टूबर के पहले छह दिनों में बिलासपुर जिले में 34.7 मिमी बारिश दर्ज की गई है। इससे जहां धान और सब्जी फसलों को नुकसान हुआ है, वहीं सामान्य जनजीवन भी प्रभावित हुआ है। धान की फसलों के लिए अत्यंत संवेदनशील है, क्योंकि अधिकतर खेतों में फसल बाली निकलने और फूल आने की अवस्था में है। इस दौरान लगातार बारिश से परागण प्रभावित होता है, जिससे खाली बालियां और अधपके दाने बनने की संभावना बढ़ जाती है। तेज हवाओं और वर्षा से फसल झुकने की समस्या भी हो सकती है, जिससे कटाई में दिक्कतें आती हैं।

#### सब्जियां खेतों में हो रही खराब

धान की फसलों के साथ ही जिले सहित संभाग में सब्जियां की खेती की जाती है, लेकिन हाल में हुई बारिश के बाद सब्जियों की फसल खेतों में ही खराब होने लगी है। कृषक सुरेंद्र कश्यप ने बताया कि टमाटर, भाजी, बैगन और मिर्च में कीड़ा लग रहा है। वहीं पौधे के फूल झड़ रहे है जिसके चलते फल नहीं लग रहा है, ऐसे में सब्जियां की खेती करने वाले किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंनें कहा कि आने वाले दो माह इसका प्रभाव दिखेगा। सब्जियों की कीमत में इजाफा होना तय है।

#### बढ़ रहा कीट प्रकोप

मौसम में आर्दता बढ़ चुकी है, जिसके चलते धान की फसलों में कीट का प्रकोप दिखा जा रहा है। 4 से 6 घंटें की धूप होने पर कीट का प्रभाव कम हो सकता है लेकिन फिलहाल ऐसा नहीं हो रहा है। वहीं किसानों के द्वारा दवा का छिंटकाव करने के बाद भी कीट नहीं कम हो रहे है, ऐसे में प्रतिएकड़ 12 से 14 ड्रम दवा का घोल डाला जाना चाहिए, जबकि किसान इससे कम दवा का छिड़काव कर रहे है।

-डा दिनेश पांडेय
कृषि वैज्ञानिक

---

### आईटीआई कोनी में अप्रेंटिसशिप मेला 13 को

**बिलासपुर।** आईटीआई कोनी के सीओई भवन में 13 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से विद्युतकार, फिटर, मैकेनिक डीजल, मशीनिष्ट, वेल्डर, टर्नर एवं कोपा के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर इस मेले में भाग ले सकते है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

---

कालेज में अव्यवथाओं को लेकर प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

# एबीवीपी ने इंग्लिश मीडियम कालेज का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बुधवार को आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कालेज का घेराव किया गया।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कालेज में कई तरह के अव्यवस्थाओं का आरोप लगाया है। छात्रों ने घेराव प्रदर्शन के बाद कालेज के प्राचार्य को मांग, समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों का कहना है कि आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कालेज में कक्षाओं की अनियमितता बनी हुई है। इसी तरह प्रशासनिक लापरवाही एवं मूलभूत सुविधाओं की कमी है। लंबे समय से समस्याओं का निराकरण नहीं होने के कारण छात्रों को कालेज के घेराव करना पड़ा। घेराव के बाद छात्रों ने इंग्लिश मीडियम कालेज के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते हुए समस्याओं और मांगों का तत्काल निराकरण करने की मांग रखी है। इस पर कालेज के प्राचार्य द्वारा छात्रों को उनकी मांग पूरी होने का आश्वासन दिया गया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने चेतावनी दी है कि यदि समय सीमा में उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो उन्हें आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। आज के घेराव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रदेश सहमंत्री एवं बिलासपुर विभाग संयोजक हेमांशु कौशिक, महानगर मंत्री अतिंद्रधर दीवान, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य साक्षी सिंह, महानगर सह मंत्री प्रणव गौतम, रिशु साहू, वैष्णवी परसाई एवं शुभांश सैनी, नैतिक नामदेव, सुधांशु यादव, तुषार साहू, देवेश शर्मा, पीयूष कौशिक, राशि मिश्रा, राहुल मौर्य, कबीर, झंकार, सलमान, राजवीर, जसबीर, दिव्यांशु आदि मौजूद थे।




शिकायत करने पहुंचे एबीवीपी के सदस्य।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411


सुमीत बाजार
TM
निश्चित खरीदारी पर पायें शानदार गिफ्ट
इस करवा चौथ,
अपनी चांद सी
खूबसूरती
को निखारें।
साड़ियाँ
लहँगा
अनारकली सूट
चूड़ीदार पैजामा
पार्टीवियर ड्रेस
को-आर्ड सेट
पारंपरिक एवं लेटेस्ट फैशन का
नवीनतम
फेस्टिवल कलेक्शन
मेन्स वियर | लेडीज वियर | किड्स वियर | होम फर्निशिंग | लगेज, बैग | जनरल मर्चेंडाइज
राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर
FOR FRANCHISE ENQUIRY - 91096 47300 | info@sumeetbazaar.com | www.sumeetbazaar.com | CUSTOMER CARE - 89820 44000